


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



रश्मिका मंदाना की संस्कृति ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 18 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 269 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## बेरोजगारी के चलते प्रधानमंत्री का जन्मदिन 'बेरोजगार दिवस' के रूप मना रहे हैं युवा: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने दावा किया कि बेरोजगारी की भयावह स्थिति के कारण आज देश के युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 'राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस' के रूप में मना रहे हैं, जो दुख की बात है। मुख्य विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई भी दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री के खिलाफ हमारी वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई जारी है। हमारे खिलाफ उनका निजी प्रतिशोध तेज हो हो गया है। इसके बावजूद हम अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 72वें जन्मदिवस की बधाई देते हैं।'' पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, ''आज मोदी जी का 72वां जन्मदिवस है, उन्हें हमारी हार्दिक शुभकामनाएं, ईश्वर उनको स्वस्थ और दीर्घायु बनाएं।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''भारत में महान प्रधानमंत्रियों के जन्मदिवस को प्रतीकात्मक रूप से मनाया जाता रहा है। बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस , इंदिरा जी के जन्मदिन को कौमी एकता दिवस के रूप में, राजीव जी के जन्मदिन को, सद्भावना दिवस और अटल जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। आज देश के युवा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मना रहे हैं।''

सुप्रिया ने दावा किया कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और आज कामकाजी उम्र के 60 प्रतिशत लोग या तो काम नहीं कर रहे हैं या काम की तलाश भी नहीं कर रहे। उन्होंने कहा, ''20–24 वर्ष की उम्र के 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। अगर यह स्थिति भयावह नहीं तो और क्या है? मोदी जी ना ही कोरोना और ना ही यूक्रेन–रूस के युद्ध के पीछे छुप सकते हैं।'' कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार, देश में कोविड के पहले ही 45 वर्षों में सबसे शीर्ष स्तर पर बेरोजगारी पहुंच गयी थी



और इस समय बेरोजगारी एक साल में सबसे ऊपर 8.3 प्रतिशत के स्तर पर है। उन्होंने कहा, ''मोदी जी से आशा थी कि उनके वादे के मुताबिक 8 साल में 16 करोड़ नौकरियां मिल जानी चाहिए थीं। लेकिन इन 8 वर्षों में नौकरी के आवेदन आए 22 करोड़ और रोजगार मात्र 7 लाख लोगों को मिले। बेरोजगारी की मार तो सबसे ज्यादा महिलाओं पर पड़ी है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 26 प्रतिशत से गिरकर 15 प्रतिशत पर चली गयी है।'' सुप्रिया ने सवाल किया, ''कहां हैं सालाना 2 करोड़ रोजगार? आखिर क्यों 60 लाख सरकारी पद केंद्र और राज्य सरकारों में खाली पड़े हैं? सबसे ज्यादा रोजगार का सृजन करने वाले छोटे लघु मध्यम उद्योगों के लिए कोई नीति क्यों नहीं? आखिर लाख उकसाने और फटकारने के बावजूद निजी क्षेत्र निवेश क्यों नहीं कर रहा, क्या आपकी नीतियों में भरोसा नहीं है?'' उन्होंने यह भी पूछा, ''सारा ध्यान हम दो और हमारे दो पर ही केंद्रित रहेगा, तो बाकी रोजगार कहां और कौन सृजित करेगा? युवाओं को स्थायी रोजगार देने के बजाय 4साल के ठेके पर रखकर 23 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करने का षड्यंत्र क्यों?'' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ''मुझे दुख है और बहुत चिंता है कि आज देश के युवा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस क्यों मना रहे हैं? अभी तो आपके पास लगभग 2 साल हैं – युवाओं को रोजगार दीजिए – इतिहास इमारतों से नहीं – इरादों से बनता है।

## स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

## आज अपनी मां के पास नहीं जा सका, लेकिन आदिवासी अंचल की लाखों माताएं मुझे आशीर्वाद दे रही हैं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्योपुर महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में भाग लिया और विकास केंद्रो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि अगर मेरे जन्मदिन पर कोई कार्यक्रम नहीं रहता तो मैं अपनी मां का पास जाता, उनके चरण छू करके आशिर्वाद लेता। आज मैं अपनी मां के पास नहीं जा सका लेकिन आज जब मेरी मां देखेगी कि मध्य प्रदेश के आदीवासी अंचल की लाखों माताएं मुझे आशीर्वाद दे रही हैं, तो उनको जरूर संतोष होगा। ये दृष्य आज मेरी मां जब देखेगी तो जरूर संतोष होगा कि भले बेटा आज यहां नहीं गया, लेकिन लाखों माताओं ने आशीर्वाद दिया है।





मेरी मां को आज ज्यादा प्रसन्नता होगी। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दी के भारत और इस शताब्दी के श्नए भारतश में एक बहुत बड़ा अंतर हमारी नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में आया है। आज के नए भारत में पंचायत भवन से लेकर राष्ट्रपति भवन तक नारीशक्ति का परचम लहरा रहा है। आज इस मंच से पूरे विश्व को संदेश देना चाहता हूं कि आज जब करीब–करीब 75 वर्ष बाद आठ चीतें हमारे देश की धरती पर लौट आए हैं। अफ्रीका से हमारे मेहमान आए हैं, इन मेहमानों के सम्मान में हम सभी इनका स्वागत करें। मुझे आज इस बात की भी खुशी है कि भारत की धरती पर अब 75 साल बाद चीता फिर से लौट आया है। अब से कुछ देर पहले मुझे कुनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़ने का सौभाग्य मिला। विश्वकर्मा जयंती पर स्वयं सहायता समूहों का इतना बड़ा सम्मेलन, अपने आप में बहुत विशेष है। मैं आप सभी को, सभी देशवासियों को विश्वकर्मा पूजा की भी शुभकामनाएं देता हूं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज पूरे राज्य में उत्सव का माहौल है, रक्तदान के शिविर हो रहे हैं। रोजगार की अपार संभावनाएं लेकर पीएम हमारे बीच पधारे हैं। आजीविका मिशन की बहने पहले मजदूरी करती थी आज मालिक बन गई हैं। पहले यहां 1000 बेटो पर 912 बेटियां पैदा होती थी अब 976 हो रही हैं।

## इमाम हुसैन के बलिदान को याद करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु, जब यजीद के 8000 सैनिक से लड़े थे 72 लोग

इराक के पवित्र शहर कर्बला में तीसरे शिया इमाम हुसैन और उनके परिवार के सदस्यों और उनके साथियों की शहादत की बरसी के मौके पर लाखों तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। काले कपड़े पहने तीर्थयात्री कर्बला में इमाम हुसैन के पवित्र तीर्थस्थल पर जुटे। इस दौरान इमाम की भीषण हत्या के लिए यजीद और उसकी सेना की निंदा की गई। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने लाखों की संख्या में इस हुसैन के बलिदान को याद करने पहुंचे। पिछले दो बरस से यात्रा कोरोना को लेकर काफी प्रभावित हुई थी। इस दौरान सीमित संख्या में तीर्थयात्री जुटते थे। भारी



बारिश के बावजूद मार्च करने वालों ने कई किलोमीटर तक की दूरी तय करते हुए सुलेजा में अपनी पैदल यात्रा समाप्त की। यहां इमाम हुसैन उनके घर के सदस्यों और उनके वफादार साथियों के लिए प्रार्थना की गई जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे। कहा जाता है कि हुसैन के काफिले में 72 लोग थे और यजीद के पास 8 हजार से अधिक सैनिक थे। लेकिन फिर भी उन लोगों ने यजीद की सेना का जमकर मुकाबला किया था। हालांकि युद्ध करते हुसैन के सारे 72 सैनिक मारे गए थे। केवल हुसैन जिंदा बच गए थे। ये जंग मुहर्म 2 से 6 तक चली थी। आखिरी दिन हुसैन ने अपने साथियों को कब्र में दफन कर दिया। 10नें दिन जब हुसैन नमाज अदा कर रहे थे, तभी यजीद ने उन्हें धोखे से मरवा दिया। कहा जाता है कि मोहम्मद साहब के मरने के लगभग 50 वर्ष बाद मक्का से दूर कर्बला के गवर्नर यजीद ने खुद को खलीफा घोषित कर दिया था।

## जेपी नड्डा का विपक्ष पर तंज, बोले– भाषण तो बहुत लोग देंगे कि हमने दलितों का भला किया, लेकिन...

नई दिल्ली। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हैं। इस अवसर पर भाजपा कई कार्यक्रम कर रही है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली के करोल बाग में बस्ती संपर्क अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे खुशी है कि आज मैं अनुसूचित जाति मोर्चा के बस्ती संपर्क अभियान के शुभारंभ के शुभ अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए मैं मोर्चा के सभी आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि जनता ही हमारी ताकत है। जनता के लिए ही काम करो, जनता के साथ काम करो। क्योंकि बड़े–बड़े कार्यक्रम जनभागीदारी से ही संभव होते है। नड्डा ने आगे कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अनुसूचित जाति मोर्चा इस काम को बखूबी करेगा। पूरी ताकत के साथ करेगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का ये काम है कि सरकार की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाएं, अंतिम सीढ़ी तक बैठे व्यक्तियों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि 11 करोड़ जो शौचालय बने हैं इनमें 35: अनुसूचित जाति के लोग हैं, जिनको ये सुविधा मिली है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भाषण तो बहुत लोग देंगे कि हमने दलितों का भला किया, लेकिन उन्होंने क्या भला किया? पता चलता है कि स्कीम में से कमीशन खाने के अलावा कुछ नहीं किया।





## भाजपा नेता गुरु प्रकाश पासवान का बयान, दलितों के बिना अधूरा है हिंदुत्व, पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा सशक्तिकरण

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने कहा है कि दलितों का सशक्तीकरण हिंदुत्व के विचार और भारतीय संविधान के मूल में निहित है और भारत की आजादी के 75 वर्षों में उनके सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बृहस्पतिवार को न्यूजर्सी में ''इंडिक डायलॉग'' के पहले संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों के संबंध में भेदभाव के बारे में अधिक बात की जाती है, जबकि यह जानना महत्वपूर्ण है कि दलितों का सशक्तीकरण हिंदुत्व विचार और भारतीय संविधान के मूल में कैसे निहित है। पासवान वर्तमान में अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने ''दलित बहुजन एकजुटता नेटवर्क'' पर सिलिकॉन वैली के साथ–साथ लॉस एंजिलिस में लोगों को संबोधित किया। लॉस एंजिलिस में उन्होंने ''दलित, बहुजन और हिंदुत्व'' कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की और कैलिफोर्निया में सैन जोस फ्रेमोंट में फाउंडेशन फॉर इंडिया और इंडियन डायस्पोरिक स्टडीज (एफआईआईडीएस) में ''भारत सरकार की समावेशिता और विविधता की नीतियां'' पर चर्चा की। पटना विश्वविद्यालय में कानून के विषय के सहायक प्रोफेसर पासवान ने न्यूजर्सी में लोगों से कहा कि ''रामायण, महाभारत और भारत का संविधान तीन दस्तावेज हैं जो हिंदुओं और भारत को परिभाषित करते



हैं''। गुरु प्रकाश पासवान ने पूछा, ''जब तीनों को दलितों ने लिखा है (ऋषि वाल्मीकि द्वारा रामायण, वेद व्यास द्वारा महाभारत और भारत के संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा तैयार भारतीय संविधान), तो दलित के भारत का हिस्सा नहीं होने का सवाल कहां है?'' पासवान ने जोर देकर कहा कि भारत में दलितों पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न के इतिहास को न तो नकारा जा सकता है और न ही कम किया जा सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ''हालांकि, यह जानना महत्वपूर्ण है कि भारत 1950 (26 जनवरी, 1950, जब भारत गणराज्य ने संविधान को अपनाया) के बाद से दलित सशक्तीकरण को स्थापित करके क्या कर रहा है और परिणामों को भी देखें।'' प्रेस में दिए एक बयान में कहा गया है कि भाजपा नेता ने आरक्षण (राज्य द्वारा सकारात्मक कार्रवाई) जैसे मुद्दे, दलित चौंबर ऑफ कॉमर्स, आंबेडकर, बाबू जगजीवन राम (जिनके बारे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर ने कहा था कि वह सबसे कठोर रक्षा मंत्री हैं), पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, साथ ही वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (भारत की राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी महिला) जैसे प्रतिष्ठित दलित नेताओं के प्रभाव के बारे में बात की। पासवान ने इस बारे में भी बात की कि किस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन की विभिन्न पहल जैसे ''पीएम मुद्रा'', स्वच्छ भारत मिशन, राज्यपाल की नियुक्ति, राष्ट्रीय नागरिक पुरस्कारों के लिए दलितों की मान्यता ने दलित सशक्तीकरण के उनके एजेंडे को मजबूती प्रदान करना जारी रखा है। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने अमेरिका में अफ्रीकी–अमेरिकियों के संघर्षों और कैसे भारत से कुछ सीख को अमेरिकी राजनीति और शासन पर लागू किया जा सकता है, पर चर्चा की। इंडिक डायलॉग में वुडब्रिज ह्यूमन राइट्स कमीशन (एचआरसी) के अध्यक्ष ग्लेन मॉर्गन, वुडब्रिज एचआरसी कमिश्नर रेशमा अली, अक्षर सिदाना, वुडब्रिज टाउनशिप स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ऑफ एजुकेशन (डब्ल्यूटीएसडी बीओई) के सदस्य और वुडब्रिज पब्लिक लाइब्रेरी (डब्ल्यूपीएल) की निदेशक मोनिका एपिंगर ने भाग लिया। कमिश्नर मॉर्गन और अली ने कहा कि उन्होंने भारत, हिंदुत्व और दलित मुद्दों के बारे में सीखा तथा इस बारे में और अधिक कार्य किए जाने की जरूरत है।

## अडानी ग्रुप ने अंबुजा-एसीसी में होल्सिम की पूरी हिस्सेदारी खरीदी, दोनों कंपनियां मिलकर बनाती हैं सालाना 7 करोड़ टन सीमेंट

नई दिल्ली। अडानी फैमिली ने एंडेवर ट्रेड एंड इनवेस्टमेंट लिमिटेड ने अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अधिग्रहण में अंबुजा और एसीसी में होल्सिम की हिस्सेदारी शामिल है। इस डील से होल्सिम की बैलेंस शीट मजबूत होगी और कंपनी को सॉल्यूशन एंड प्रोडक्स में स्विस फ्रैंक के 5 बिलियन से अधिक के हालिया निवेश को लेकर अपनी अधिग्रहण रणनीति को जारी रखने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के लिए होल्सिम की हिस्सेदारी और खुली पेशकश का मूल्य +6.5 बिलियन है, जो अदानी द्वारा यह अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण है। लेन–देन के बाद अडानी की अंबुजा सीमेंट्स में 63.15: और एसीसी में 56.69: की हिस्सेदारी होगी। अंबुजा सीमेंट्स के बोर्ड ने तरजीही आवंटन के माध्यम से अंबुजा में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। बयान में कहा गया है, अंबुजा को बाजार में विकास पर कब्जा करने में मदद करने के लिए। अडानी ग्रुप के बयान के मुताबिक इस सौदे में सेबी के नियमों के अनुसार दोनों संस्थानों में एक ओपेन ऑफर के साथ अंबुजा और एसीसी में होल्सिम की हिस्सेदारी का अधिग्रहण शामिल था। अडानी ग्रुप ने पिछले साल अडानी सीमेंट इंडस्ट्रीज के नाम से सीमेंट सेक्टर में दाखिल हुआ था। इस डील के बाद अडानी ग्रुप भारत का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट मेकर बन गया है। होलसिम कंपनी ने भारत में 17 साल पहले कारोबार शुरू किया था। इसे दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी माना जाता है।








## अमानतुल्लाह खान के बचाव में उतरे केजरीवाल, कहा– गुजरात में इन्हें तकलीफ बहुत ज्यादा हो गई है

नई दिल्ली। आप विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद, उनके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी विधायक अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा पर परोक्ष तंज कसा और कहा कि ऐसा लगता है कि वे गुजरात में इन्हें तकलीफ बहुत ज्यादा हो रही है। केजरीवाल का ये बयान दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा आप नेता को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पहले इन्होंने सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया। कोर्ट के बार बार पूछने पर भी ये कोई सबूत पेश नहीं कर पा रहे। फिर मनीष के घर रेड की, कुछ नहीं मिला, अब अमानतुल्लाह को गिरफ्तार किया है, अभी और भी कई डस्) को गिरफ्तार करेंगे। गुजरात में लगता है इन्हें तकलीफ बहुत ज्यादा हो रही है। अमानतुल्ला खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में अनियमितताओं के सिलसिले में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। आप ने अमानतुल्ला की गिरफ्तारी पर भी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि यह विधायक को झूठे मामले में फंसाने और पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी पर कहा था कि बीजेपी का ऑपरेशन लोटस कामयाब नहीं हो पाएगा। इस बीच, अमानतुल्ला खान के करीबी सहयोगी और बिजनेस पार्टनर हामिद अली को शनिवार को दिल्ली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।



# न्यायालय के आदेश पर भू-माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

## थाना इनायतनगर की ग्राम पंचायत मुकीमपुर की जमीनों के खरीद-फरोख्त से जुड़ा है मामला

अयोध्या। थाना कोतवाली इनायतनगर में न्यायालय के आदेश पर भू माफियाओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित मो अकबर पुत्र मो नजीर द्वारा धारा 156(3) के अंतर्गत न्यायालय की शरण लेने पर अपर सिविल जज सीनियर डिवीजनध्एसीजेएम फैजाबाद के आदेश पर मुकीमपुर निवासी लाल अंबिका प्रताप और मो इदरीश व दो अन्य के विरुद्ध थाना इनायतनगर में मुकदमा संख्या 0441ध22 धारा 420,467,452, 352, 354,323,504,506 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।पीड़ित मो अकबर ने बताया कि ग्राम पंचायत मुकीमपुर निवासी भू माफिया लाल अंबिका प्रताप व मोहम्मद इदरीस पुत्र मोहम्मद शमी आदि ने उसकी पैतृक संपत्ति को जबरिया कब्जा करके उसे बेदखल करना चाह रहे हैं विरोध करने पर इन लोगों ने घर में घुसकर मारा पीटा और महिलाओं से अभद्रता करते हुए गाली गलौज एवं जान से मारने की भी धमकी दिया।साथ ही बताया कि उक्त मनबढ़ भूमाफियाओं ने गाटा संख्या 3087(क) एवं 3190(क) को धोखाधड़ी करके अब्बू सराय निवासी अफरोज अली को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके बेच दिया।कुछ दिन बाद पुनः उसी भूमि को एक अन्य प्रभावशाली व्यक्ति को विक्रय हेतु रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने के साथ साथ कुछ हिस्सा मुकीमपुर निवासी अनिल कुमार को बेंच दिया।इसके अलावा पूर्व में भी जमीनों के फर्जीवाड़े में इनका इतिहास रहा है।इन लोगों ने ग्राम पलिया माफी मुकीमपुर में स्थित सरकारी जमीन को बेचा था जिसमें इनायतनगर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 0263ध17 के अंतर्गत धारा 420,467, 2ध3 के अंतर्गत लाल अंबिका प्रताप के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था।इसके अतिरिक्त दोनों के द्वारा क्षेत्र के दर्जनों व्यक्तियों से सरकारी भूमि का एग्रीमेंट करके पैसा भी ऐंठ लिया गया है।भूमि विवाद से जुड़े अधिकतर विवादित मामलों में आपराधिक प्रवृति के मो इदरीश प्रोफेशनल गवाह के तौर पर कार्य करता है। इसका नाम भूमि विवाद से जुड़े आठ मुकदमों सहित कई एग्रीमेंट में बतौर गवाह के रूप में जुड़ा है।

# उपासा के प्रदेश महामंत्री का किया गया स्वागत

अयोध्या। राजकीय पॉलिटेक्निक अयोध्या में उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज राजपत्रित सेवा संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री भोले नाथ प्रसाद का स्वागत समारोह हुआ। प्राविधिक शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 150 राजकीय पॉलिटेक्निक के एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमेंटीज के प्रवक्ताओं ने कुल मतों में से 90 प्रशित मत देकर श्री प्रसाद को प्रदेश महामंत्री हेतु लखनऊ में हुए अधिवेशन में विजई बनाया है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयराम विभागाध्यक्ष डा प्रीतम वर्मा, प्रतिमा यादव, अनामिका शर्मा अन्य शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी लोगो ने श्री प्रसाद से संगठन के माध्यम से सभी की समस्याओं के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही हेतु कहा है।

उक्त चुनाव 9 सितंबर को राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ स्थित सभागार में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ था जिसका सपथ ग्रहण भी राजकीय पॉलीटेक्निक लखनऊ में ही हुआ जिसकी अध्यक्षता निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश दिनेश मोहन सिंह ने की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ राकेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॉलिटेक्निक लखनऊ, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक बाराबंकी राखी सैनी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे सर्वप्रथम दोनों ही संघों के समस्त पदाधिकारियों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ निदेशक प्राविधिक शिक्षा के द्वारा दिलवाई गई। अप्लाइड साइंस एवं मानविकी सेवा संघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी, महामंत्री भोले नाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष मनीष राय, रिजवान कोषाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा संयुक्त प्रदेश सचिव आरती वर्मा, नीलेश कुमार एवं तकनीकी सेवा संघ के अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, महामंत्री प्रशांत सिंह यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। तकनीकी शिक्षा परिषद के विनियम 2019 के लागू होने के उपरांत प्रवक्ता वर्ग के वेतन निर्धारण में उत्पन्न हुई विसंगति की तरफ आकर्षित करते हुए इसका निस्तारण करने विषयक एक मांग पत्र सौंपा गया जिसका निस्तारण करने हेतु निदेशक महोदय द्वारा आश्वाशन दिया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार

मिल्कीपुर–अयोध्या। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर इमामगंज गांव के पास 72 नंबर पॉइंट पर पटना से लखनऊ जा रहे इंजीनियर की गाड़ी पलट कर एक्सप्रेस वे के नीचे गिर गई । दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई । चौकी इंचार्ज देवगांव मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि बिहार के रहने वाले अरविंद कुमार पटना में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं । वे अपनी टोयटा गाड़ी से ड्राइवर भरत सिंह के साथ लखनऊ किसी काम के लिए जा रहे थे कि सुबह 5 बजे के करीब इमामगंज के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 6 फीट नीचे गिर गई । जानकारी के बाद पीआरवी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर शीशा तोड़कर अंदर फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकाला । क्रेन की मदद से वाहन को किनारे लगवा कर दूसरी गाड़ी से उन्हें लखनऊ भेज दिया गया।

# क्षत्रिग्रस्त सड़कों को लेकर दुर्गापूजा समितियों में आक्रोश

## –शीघ्र मरम्मत न हुई तो आन्दोलन को बाध्य होगी केंद्रीय समिति: मनोज जायसवाल

अयोध्या। पूरे नगर में जिस तरह जल निगम द्वारा सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है और उससे जो सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं उन्हें शीघ्र न बनने के कारण आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय समिति के कार्यालय सुभाष नगर मैं बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि महोत्सव शुरू होने में मात्र गिनती के दिन रह गए हैं जबकि पूरे जनपद में दशहरा व दुर्गा पूजा का उत्सव अपना आकार लेने लगेगा ऐसे में मेले के दौरान यदि किसी भी प्रकार की कोई घटना या दुर्घटना जल निगम के कार्यों के कारण होता है तो केंद्रीय समिति आन्दोलन को बाध्य होगी। यह निर्णय बीती रात केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या की एक महत्वपूर्ण बैठक मैं लेते हुए केंद्रीय समिति ने जिला प्रशासन से यह भी मांग किया है यथाशीघ्र पूरे महानगर के सड़कों को तत्काल रिपेयरिंग के माध्यम से ठीक करा लिया जाए जिससे श्रद्धालुओं में किसी भी प्रकार की कोई हानि ना हो, वहीं एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से नगर निगम अयोध्या से भी मांग किया गया कि अभी तक किसी भी रामलीला स्थल को ठीक नहीं कराया गया है, और ना ही किसी भी रामलीला समिति के नाव नेवरिया मार्ग को ही ठीक कराया गया है, वही पूरे नगर में जलभराव की स्थिति भी भयानक रूप ले चुकी है, ऐसे में काफी तत्परता के साथ नगर निगम को इन कार्यों को कराना होगा। जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के साथ विगत दिनों गणेश उत्सव और कृष्ण उत्सव को लेकर हुई बैठकों में इस बात की पुरजोर मांग की गई थी कि जल निगम द्वारा तोड़े गए सड़कों को यथाशीघ्र व्यवस्थित करा लिया जाएगा किंतु अत्यंत खेद का विषय है अभी तक जल निगम के कान पर जूं नहीं रेंगी है और उन्हीं अव्यवस्थाओं के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं श्री गणेश उत्सव का कार्य इसी तरह संपन्न हो गया है। बैठक का संचालन करते हुए केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर ने कहा इस तरह के मार्गों से जहां पर उत्सव के दौरान लगभग 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, वहीं मेले के दौरान श्रद्धालुओं के चोटिल होने की संभावनाएं ज्यादा रहेगी, ऐसे में उक्त सड़कों का तुरंत मरम्मत किया जाना नितांत आवश्यक है। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति एवं पुलिस प्रशासन में समन्वय का कार्य कर रहे केंद्रीय समिति के जे. एन. चतुर्वेदी ने कहा कि जहां एक और बीते उत्सव में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा वही जल निगम के कृत्यों से हम सभी को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से शिव जी गौड़, गगन जयसवाल, तारकेश्वर शर्मा, मुरलीधर बत्रा, विवेक साहू, अतुल सिंह, अमित कनौजिया, अंकुश गुप्ता, अखिलेश पाठक, मुन्ना यादव, तरुण गुप्ता डंपी, रविंद्र यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विद्युत तार की चपेट में आकर महिला की मौत

बीकापुर–अयोध्या। सुबह शौच को निकली 55 वर्षीय एक महिला बाग में गिरे 440 वोल्ट विद्युत तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक महिला वापस नहीं लौटी तो परिवारजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजते खोजते शव के पास बाग में पहुंचे तो पूरे मामले की जानकारी हुई। बिजली विभाग को फोन कर लाइन बंद कराई गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना बीकापुर सर्किल के थाना क्षेत्र हैदरगंज में स्थित ग्राम पंचायत थरिया कला के मजरे जहली पाठक का पुरवा की है। मृतका की शिनाख्त इसी गांव की निवासी पछुहवा पत्नी सिद्धू के रूप में हुई है। परिवारजनों ने बताया कि महिला भोर में गांव से बाहर बाग की तरफ शौच के लिए गई थी।बाग में गांव निवासी कृष्ण कुमार पाठक के ट्यूबवेल के लिए खींची गई 440 वोल्टेज की लाइन का तार टूट कर गिरा पड़ा था। जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रही थी। उधर से गुजर रही महिला चपेट में आ गई और विद्युत स्पर्शाघात से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खोजबीन शुरू हुई तो वह बाग में विद्युत तार से लिपटी मिली। गांव निवासी सदानंद पाठक ने पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी और लाइन बंद कराई। घटना के बाद परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष हैदरगंज अशोक यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## 2 माह से अधिक दौड़ रहा फरियादी न्याय की गुहार सुनवाई नहीं

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। शिव कुमार वार्ड नंबर 7 के सभासद ने जलभराव व पानी निकासी के लिए कई बार आवेदन पत्र दिया किंतु सुनवाई नहीं हो रही है बताते चलें कि वार्ड नंबर 7 का सभासद भी है और उसने पानी निकासी के लिए आवेदन पत्र भी दे रखा है जल निकासी ना होने से वहां जलभराव हो जा रहा है जिससे आने जाने वालों को बहुत दिक्कत हो रही है फरियादी ने बताया कि गाटा नगर 737 जो हमारे मकान के पीछे है उसमें बाग भी स्थित है जिसमें मैं गाय पाल रहा हूं और वहां उसके लिए भूसा चारा रखता हूं उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोग लगातार नगर पंचायत के तालाब पर मट्टी पाट पाट कर अपना मकान भी बना लिया है नाली पार्टनर से पानी की निकासी नहीं हो रही है जिससे जलभराव हो रहा है शिव कुमार ने जरवल रोड पर नाला बनाए जाने की भी मांग की है जिससे रानी लक्ष्मी बाई मार्ग का सारा पानी नाले में जा सकता है जिससे जलभराव स्वता ही खत्म हो जाएगा उन्होंने प्रशासन शासन से मांग की है कि अवैध अतिक्रमण हटाया जाए पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए जिससे जलभराव ना हो सके। आवेदन की प्रतियां एसडीएम तुलसीपुर जिला अधिकारी बलरामपुर तथा नगर विकास मंत्री को भी भेजा गया है।

# 37वीं पुण्यतिथि पर गुमनामी बाबा को अर्पित की गई पुष्पांजलि

## भगवान जी की आसाधारण जीवन शैली प्रेरणदायक: शक्ति सिंह

अयोध्या। गुमनामी बाबाध भगवान जी उपाख्य से नामवर आजादी के महान स्वतन्त्रा सेनानी, विलक्षण प्रतिभावान महात्मा को उनकी 37 वीं पुण्यतिथि पर गुप्तारघाट स्थित समाधि स्थल पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विचार केन्द्र के संयोजक शक्ति सिंह के संयोजन में पुष्पांजलि, भावांजलि अर्पित की गयी। उनके आसाधारण व्यक्तित्व, कृतित्व पर चर्चा करते हुये श्री सिंह ने कहा कि भगवन जी की आसाधारण जीवन शैली प्रेरणदायक थी। भगवन जी का सम्पूर्ण जीवन शोध का विषय हो सकता है और आने वाले दिनों में इतिहास का महत्वपूर्ण अंग हो सकता हैं। उन्होनें कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्तमान में जो उर्जामय वातावरण का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आसाधारण प्रतिभा को राष्ट्र को समर्पित करना, साथ ही साथ नेताजी की 125वीं जयंती के अवसर पर अनवरत विविध अयोजन यह मोदी सरकार की देश के महानायाकों के प्रति सोच को प्रदर्शित करता है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा अभियान भी इसी का एक हिस्सा है। श्रंद्धाजलि के उक्त कार्यक्रम में प्रो0 लक्ष्मी कान्त सिंह, साकेत विधालय के प्रधानाचार्य श्री अभय सिंह, नगर निगम के उपसभापति विजेन्द्र सिंह, डा0 राकेश वशिष्ठ, विश्म्भर सिंह, ओम प्रकाश नाहर, आर0 पी0 सिंह, उग्रसेन मिश्रा, प्रीतम सिंह, विनोद शर्मा, कैप्टन जे0 पी0 द्विवेदी, कैप्टन के0 के0 तिवारी आदि लोग मौजूद रहें।

# सूखे कुएं में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

बीकापुर–अयोध्या। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के कोछा बाजार धामसा मां स्थान के बीच में उत्तर साइड सिवान में एक सूखे कुएं से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस टीम कुएं के पास पहुंची तो लगभग 55 वर्षीय अधेड़ का शव कुएं में मिला। पुलिस ने शव को कुंआ से निकाल कर पंचनामा बनाया। पुलिस का कहना है कि मृतक का शव सड़ जाने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि वह पिछले चार–पांच दिनों से कुएं में पड़ा हुआ था।पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। थाना प्रभारी सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह हत्या या आत्महत्या है, जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किसानों की बैठक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी



विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा बलरामपुर पर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर पोषण अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंगल थारू जिला पंचायत सदस्य एवं डॉ एस के वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, आशीष कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी इफकोदृ बलरामपुर, इं एस के पांडेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि अभियंत्रण, डॉ सियाराम, वरिष्ठ वैज्ञानिक सस्य विज्ञान, डॉ जगवीर सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान, डॉ प्रमोद कुमार, वैज्ञानिकदृ मत्स्य एवं कमलेश चौधरी इफकोदृएमसी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंगल थारू ने कृषकों को सही पोषण, वृक्षारोपण के साथ मृदा संरक्षण के बारे में जोर दिया, साथ ही इफको नैनो यूरिया तरल का उपयोग दानेदार यूरिया की जगह करने का आग्रह किया। डॉ एस के वर्मा ने दैनिक आहार में सब्जियों एवं फल के महत्व और इसके लाभ के बारे में अवगत करवाया। डॉ सियाराम ने कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र से निकली बायो फोर्टीफाइड प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इफको के क्षेत्र अधिकारी आशीष कुमार वर्मा ने इफको नैनो यूरिया तरल और इफको के अन्य उत्पाद के उपयोग विधि और इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम के अंत में किसानों को पोषण अभियान के अंतर्गत सब्जी बीज के किट और फलदार वृक्षों का वितरण किया गया।

# शारदीय नवरात्र को लेकर बैठक सम्पंन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय शक्तिपीठ देवीपाटन





मंदिर के सभागार में शारदीय नवरात्र को लेकर महन्त मिथिलेश नाथ योगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जो 26 सितंबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवीपाटन मंदिर में लगने वाले मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु बैठक में जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने पूरे मेले को 4 सेक्टर में बांटते हुए पुलिस बल लगाये जाने का निर्देश दिया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 10 इंस्पेक्टर, 70 सब इंस्पेक्टर, 250 पुरुष कांस्टेबल, 110 महिला कॉन्स्टेबल लगाए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त जनपदों से भी पुलिस बल मेला परिसर में आएगी। मेला परिसर में चार पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। सभी पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का निर्देश दिया गया। पूरे मेला परिसर में 20 सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी।जिलाधिकारी द्वारा मेला परिसर में साफ सफाई की समुचित, सफाई कर्मचारियों के लिए आईडी कार्ड एवं प्रॉपर ड्रेस में रहने का निर्देश दिया। पूरे मेला परिसर में समुचितत प्रकाश व्यवस्था का निर्देश दिया। मेला परिसर में कोविड–19 वैक्सीनेशन का प्रिकॉशन डोज का काउंटर लगाए जाने का निर्देश दिया।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर एवं पार्किंग स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, उप जिलाधिकारी मंगलेश दुबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, ईओ डॉ संपूर्णानंद तिवारी, सीओ कुंवर प्रभात सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह, देवीपाटन चौकी प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, निर्माण खंड प्रांतीय खंड, एआरटीओ, एआरएम रोडवेज, अधिशासी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को मिलेगी ट्राई साइकिल मोबाइल और व्हील चेयर

सोहावल–अयोध्या। जनपद के दिब्य जनों का शनिवार सोहावल तहसील के सामने एक कालेज में जमावड़ा होगा। यहाँ पहले से अर्जुन पोर्टल से सूची बद्ध दिब्य जनों के लाभार्थियों को सामाजिक एवं न्याय विकास विभाग ट्राईसाइकिल मोबाइल व व्हील चेयर वितरित करेगा। जिले भर से चयनित किये गये लगभग 600 से ज्यादा लाभार्थी इस वितरण कैम्प में बुलाये गये हैस इन्हें जिलाधिकारी व सांसद विधायक अपने हाथों ट्राईसाइकिल मोबाइल व व्हील चेयर सौपेंगे। विभाग के निदेशक डॉ. रमेश पाण्डेय ने बताया भारत सरकार की मंशा के अनुरूप माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस को यादगार बनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैस यह वितरण कैम्प भी इसी का हिस्सा है। सूची बद्ध सभी लाभार्थियों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

## 48 घंटे तक दर्जनों गावों की बिजली रही गुल

मिल्कीपुर(अयोध्या) ।क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बुधवार सुबह से 48 घंटे तक विद्युत आपूर्ति गुल होने के कारण ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा ।विद्युत सब स्टेशन शाहगंज के सारी फीडर से जुड़े गांव सारी,शेखनपुर, दूबे का पुरवा,फूला का पुरवा,देवी प्रसाद का पुरवा,मठिया,विसंभर मिश्र का पुरवा,पंडितपुर,हल्ले,द्वारिकापुर, डड़वा समेत दर्जनों गांव में विद्युत आपूर्ति लगभग 48 घंटे से अधिक समय तक ठप रही ।इस दौरान लोगों के घरों का इनवर्टर डिस्चार्ज होने के साथ–साथ लोगों की मोबाइल की बैटरी भी डिस्चार्ज हो गई जिस कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।सारी फीडर के जेई अवधेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में देवी प्रसाद का पुरवा के पास इंसुलेटर में फाल्ट आ जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही जिसे ठीक करते हुए आपूर्ति को बहाल कर दिया गया है।

# भारत देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा:जगदम्बिका पाल

मनोज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 17 सितम्बर से 23 सितम्बर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जिला प्रशासन सिद्धार्थनगर ने प्रधानमंत्री, भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर विकास भवन में प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री, भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने जनपद सिद्धार्थनगर के निवासियों से अपील करते हुये कहा कि हमारा भारत देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में विकास के पथ पर चौमुखी विकास कर रहा है। पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यशैली एवं क्षमता को देखकर लोहा मान रहा है। उन्होने नगर वासियों से विकास भवन परिसर में नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है इसे देखकर सभी लोग प्रेरणा लें। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम कुमार कुंवर, जिला महामंत्री फतेबहादुर सिंह, राम जियावन मौर्या, दिलीप चतुर्वेदी, कन्हैया पासवान, पी0डी0 डीआरडीए नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डी0सी0एन0 आर0एल0 एम0 यागेन्द्र लाल भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 राहुल गुप्ता, दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री, भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 70 लोगों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराकर रक्तदान किया गया।





# जन शिक्षण संस्थान में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित





मनोज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर द्वारा विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है आज के दीक्षान्त समारोह के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि जगदंबिका पाल सांसद डुमरियागंज, दया शंकर सरोज उपायुक्त जिला उद्योग, अन्य अतिथि गण द्वारा सर्वप्रथम माता सरस्वती विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपदान कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और सभी को बैच लगाकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम में सरस्वती वंदना और स्वागत गीत का आयोजन संस्थान के लाभार्थी द्वारा किया गया, इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा संस्थान की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विस्तार पूर्वक भाषण दिया गया, तत्पश्चात संस्थान द्वारा वर्ष 2020– 21 में उत्तीर्ण लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण सभी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, और अंत में राष्ट्रीय गान के बाद जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों सहित राम जियावन मौर्य प्रभारी सिद्धार्थनगर, शंभू नाथ गुप्ता प्राध्यापक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरीश चंद्र मैनेजर केनरा बैंक सिद्धार्थनगर, अभिषेक केसरी एम जी एन एफ सिद्धार्थ नगर, दिलीप चतुर्वेदी पूर्व महामंत्री भाजपा सिद्धार्थनगर, अमित श्रीवास्तव तकनीकी विशेषज्ञ एनआईसी सिद्धार्थनगर, दिलीप कुमार सिंह कार्यवाहक निदेशक जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर संजीव कुमार गुप्ता लेखा अधिकारी सहित समस्त स्टाफ जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर अखंड प्रताप सिंह, और संस्थान के अनुदेशका आकांक्षा पाठक, सरोज बाला शीतल गुप्ता, निशा, ममता पटवा मंजू श्रीवास्तव, रोमा गौड, अराजुन्निशा, मंजू भारती, रंजना महमूद आलम, प्रेम शंकर सैनी सभी सम्मानित ख्याति लब्ध, प्रतिष्ठित अतिथि गण, जनप्रतिनिधि गण, सभी छात्र एवं छात्राएं , सभी सम्मानित पत्रकार उपस्थित रहे।

## सीओ सदर ने किया कोतवाली में शस्त्रों का विधिविधान से पूजा अर्चना

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। विश्वकर्मा पर्व के अवसर पर शनिवार





को कोतवाली में शस्त्रों का विधिविधान से पूजा अर्चना किया गया। सीओ सदर अखिलेश वर्मा, वा प्रशिक्षणधीन सीओ गर्वित सिंह के द्वारा कोतवाली में पूजा अर्चना किया। इस दौरान एसएसआई किशोरीलाल चौधरी, अशोक कुमार, भीम सिंह, महिला आरक्षी सोनम, जुनैद अहमद, घनश्याम यादव आदि शामिल रहे। इसी क्रम में थाना चिल्हिया में प्रभारी दीपक कुमार ने शस्त्रों का विधिविधान से पूजा कराया। इस दौरान सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## रक्तदान दान नही ,जीवन दान है– सांसद जगदंबिका पाल

मनोज चौबे/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह







मनाया जा रहा है उसी के क्रम में भारतीय जनता पार्टी सिद्धार्थनगर द्वारा 17 सितंबर को रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी का आयोजन मेडिकल कॉलेज के सभागार में किया गया। जिस के मुख्य अतिथि डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल रहे। सांसद ने रक्तदान को दान न कहते हुए जीवन दान देने जैसे अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया तथा बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।गोष्ठी में जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एके झा तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी रामजीयावन मौर्या ,पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार कुंवर कपिलवस्तु के विधायक श्याम धनी राही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राजेंद्र पांडेय ,जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी , विपिन सिंह , कन्हैया पासवान ,जिला मंत्री फत्ते बहादुर सिंह ,अजय उपाध्याय ,नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान ,नगर महामंत्री राजेश जायसवाल नौगढ़ देहात मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ,गंगा मिश्रा तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया।

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। नव जीवन एजुकेशनल एकेडमी खेसरहा सिद्धार्थनगर में शनिवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का समापन हुआ कल हुआ। इस प्रशिक्षण में साफ पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता, अथवा अपने आस पास की सफाई से जुड़े सवालों और गलतफहमियों को समझाया गया। बच्चों को अपने दिनचर्या में सही आदतों का पालन जिसमे सही तरीके से हाथ धोना मुख्य है, इसको न करने से अनेकों बीमारियाँ पनपती हैं, आदि विषयों के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शौचालय स्वच्छता एवं उसके रख रखाव से संबंधित रोचक क्रीड़ा का आयोजन भी करवाया गया। इस प्रस्तुति में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित परस्पर संवादात्मक एवं दिलचस्प गतिविधियां कराई गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन छात्र छात्राओं के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कुल दस बच्चों को हेल्थ एवं वेलनेस एनिमेटर के तौर पर चुना गया। इन दस छात्र छात्राओं को नेतृत्व विकास कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण से हेल्थ एण्ड वेलनेस एनिमेटर अपने विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित विषयों पर समाज एवं विद्यालय के छात्रों को जागरूक करते रहेंगे। प्रधानाचार्य विरेन्द्र मौर्य ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं को कई जानकारियाँ प्राप्त हुई। इस जानकारी को छात्र छात्राओं को अपने जीवन मे उतारना चाहिए। प्रबंधक डॉक्टर शाहिदा खातून ने जे पी एम सोसाइटी को धन्यवाद किया। प्रशिक्षण का संचालन प्रगति गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक संचालित करने में प्रतीक्षा ओझा का विशेष सहयोग रहा।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल में कई स्थानों पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा बधाइयां देकर धूमधाम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने कहा कि देश के सर्वप्रिय नेता व हम सभी के प्रेरणास्त्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देता हूँ और ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूँ। मोदी जी ने अपनी भारत प्रथम की सोच व गरीब कल्याण के संकल्प से असंभव कार्यों को संभव करके दिखाया है। गरीब कल्याण, सुशासन, विकास, राष्ट्रसुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय से नरेंद्र मोदी ने माँ भारती को पुनरू सर्वोच्च स्थान पर आसीन करने के अपने संकल्प को धरातल पर चरितार्थ किया है। यह निर्णायक नेतृत्व और उस नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास के कारण ही सम्भव हो पाया है। एक सुरक्षित, सशक्त व आत्मनिर्भर नए भारत के निर्माता मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। आजादी के बाद पहली बार करोड़ों गरीबों को उनका अधिकार देकर मोदी ने उनमें आशा और विश्वास का भाव जगाया है। आज देश का हर वर्ग चट्टान की तरह मोदी के साथ खड़ा है। भारतीय संस्कृति के संवाहक मोदी ने देश को अपनी मूल जड़ों से जोड़ हर क्षेत्र में आगे ले जाने का काम किया है। मोदी की दूरदर्शिता व नेतृत्व में नया भारत एक विश्वशक्ति बनकर उभरा है। मोदी ने वैश्विक नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसका पूरी दुनिया सम्मान करती है। इस दौरान अरविंद उपाध्याय, अजय उपाध्याय, विवेक गोस्वामी, संतोष उपाध्याय, अवधेश मोदनवाल, विनय कुमार वर्मा, अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव, श्यामप्रकाश जयसवाल, चंद्रप्रकाश दिवेदी, मार्कण्डेय मिश्रा, मंगलेश शुक्ला, मोहन चौधरी, संजय कुमार मिश्रा, पवन पाठक, राजेंद्र विश्वकर्मा, रामबिलास मौर्या, विजय मोदनवाल, सुरेश गुप्त, रामराज, महेंद्र मिश्रा, सोनू गौड़ आदि ने बधाई दिया।



## श्रीष चौधरी ने मनाया विकासखंड जोगिया में सेवा पखवाड़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकासखंड जोगिया में युवा भाजपा नेता एवं





ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया श्रीष चौधरी ने इस अवसर पर विकासखंड में लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ी बातों को बताया साथ ही राज्य और देश प्रेम किसके प्रति किस प्रकार समर्पित हुआ जाता है इसके बारे में भी चर्चा की आपको बता दें कि पूरे भारत में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें ग्राम स्तर से लेकर जनपद स्तर तक के सभी कार्यालयों में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा इसी के अंतर्गत भाजपा युवा नेता एवं ब्लाक प्रमुख श्रीष चौधरी ने विकासखंड जोगिया में सेवा पखवाड़ा को लेकर बड़ा आयोजन किया। इस अवसर पर विकासखंड जोगिया के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान एवं विकास खंड से जुड़े एडीओ आईएसबी, एडीओ सहकारिता सहित विकासखंड के सभी ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही विकासखंड जोगिया के ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं और पुरुष हजारों की संख्या में शामिल हुए।

# सम्पादकीय

**इधर चीन के बारे में नई दिल्ली में जिस तरह शेख हसीना ने जो कुछ कहा, साफ है वह भारत की अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं है। बाकी हुए समझौतों से दोनों देशों को चाहे जो लाभ हो, जन धारणाओं को ढालने में उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। फिर भी भारत के लिए यह जरूर संतोष की बात है कि जिस समय ...**

## शेख हसीना की भारत यात्रा

भारत के लिए संतोष की बात है कि जिस समय पास–पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश ने मित्रता के अपने रुख को दोहराया है। अपने देश में प्रतिकूल माहौल को नजरअंदाज करते हुए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने भारत की सरकारी यात्रा की, इसे उनका एक साहसिक कदम कहा जाएगा। शेख हसीना को इस बात का अंदाजा जरूर रहा होगा कि इस यात्रा के बाद देश में उनके विरोधियों को उन पर हमला बोलने का नया मुद्दा मिल सकता है। यात्रा को जो परिणाम सामने है, उससे ये आशंका सच होने की गुंजाइश बन गई है। 1975 में शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत–बांग्लादेश रिश्तों में एक खास पहलू बांग्लादेश में धीरे–धीरे फैलती गई भारत विरोधी भावना का रहा है। स्पष्टतरू निहित स्वार्थी मजहबी कट्टरपंथी तत्वों ने इस भावना को हवा दी है। इसलिए बांग्लादेश की सरकारों के सामने अक्सर यह जवाब देने की स्थिति रही है कि भारत सरकार से उनके संबंध और संपर्क में बांग्लादेश को क्या हासिल हुआ है। वरना, प्रधानमंत्रियों पर भारत के आगे घुटने टेकने का इल्जाम लगे हैं। हाल में भारत में बने सांप्रदायिक माहौल से उन तत्वों की मुहिम को



और बल प्राप्त हुआ है। इस बार शेख हसीना की यात्रा में तीस्ता नदी के जल बंटवारे के मुद्दे पर बांग्लादेश में काफी शोर रहा। शेख हसीना नई दिल्ली में हालांकि कुशियारा नदी का 153 क्यूसेक अधिक पानी बांग्लादेश को दिलवाने का करार करने में सफल रहीं, लेकिन तीस्ता का मसला जहां का तहां लटका रह गया है। तो बांग्लादेश के जमात–ए–इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों ने ये गोला दाग दिया है कि आखिर शेख हसीना क्यों भारत गईं। उन पर भारत सरकार के आगे घुटने टेकने के इल्जाम भी लगाए गए हैं। इधर चीन के बारे में नई दिल्ली में जिस तरह शेख हसीना ने जो कुछ कहा, साफ है वह भारत की अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं है। बाकी हुए समझौतों से दोनों देशों को चाहे जो लाभ हो, जन धारणाओं को ढालने में उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। फिर भी भारत के लिए यह जरूर संतोष की बात है कि जिस समय पास–पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश सरकार ने न्यूनतम मित्रता के अपने रुख को दोहराया है। इसके बावजूद वहां चीन की बढ़ रही पैठ पर भारत सरकार को अवश्य कड़ी नजर रखनी होगी।

## रास्ता तो यही है

किसी प्रयास को शुरुआत में ही अगर–मगर लगा कर खारिज करना उचित नजरिया नहीं है। मुद्दा यह है कि अगर भारत जनतंत्र है– या इसे जनतंत्र बने रहना है– तो क्या वह जन से बिना जुड़े कायम और जीवंत रह सकता है? राहुल गांधी अपने साथी यात्रियों के साथ लंबी पद यात्रा पर निकल चुके हैं। इसका क्या हासिल होगा– इस बारे में अभी कुछ कहना बेमतलब होगा। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि जब कोई प्रयोग होता है, तो उसका परिणाम मालूम नहीं रहता। नाकाम प्रयोगों की संख्या कभी कम नहीं रहती। लेकिन उनके बीच से ही कोई आविष्कार भी होता है। इसलिए किसी प्रयास को शुरुआत में ही अगर–मगर लगा कर खारिज करना उचित नजरिया नहीं है। मुद्दा यह है कि अगर भारत जनतंत्र है– या इसे जनतंत्र बने रहना है– तो क्या वह जन से बिना जुड़े कायम और जीवंत रह सकता है? भारतीय राजनीति की समस्या ही यही रही है कि बीते चार–पांच दशकों से आरएसएस–भाजपा को छोड़ कर बाकी धाराओं के नेताओं ने जनता से खुद को काट लिया। एसी और सोफे की संस्कृति की राजनीति इतनी हावी हुई कि नेता सिर्फ ऊंचे मंच से ही जनता को देखते रहे। जनता क्या सोचती है, उसके मन में क्या है, ये बात राजनेताओं के लिए महत्त्व खोती चली गई। तो धीरे–धीरे आम जन की नजर में नेताओं और उनकी पार्टियों का महत्त्व भी घटता चला गया। इसीलिए राहुल गांधी का जनता के बीच लौटना महत्त्वपूर्ण है। इसे उन्होंने उचित ही तपस्या कहा है। अब तपस्या उतनी ही सफल होती है, जितनी पवित्रता के साथ उसे निभाया जाता है। बहरहाल, पवित्रता भंग होने के बाद दोबारा उसे हासिल करने की गुंजाइश भी हमेशा बनी रहती है। असल बात इरादे की होती है। यह तो अवश्य स्वीकार किया जाएगा कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ कांग्रेस और इससे जुड़े जन संगठनों ने एक इरादा दिखाया है। उन्होंने उस भारत को साकार करने इरादा जताया है, जिसकी अवधारणा स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में जन्मी थी। अगर वे जनता की बात सुन पाए और उसके मुताबिक अपने आगे के कार्यक्रमों और नीतियों को ढाल पाए, तो ऐसा होना असंभव नहीं है। यह याद रखना चाहिए कि जनतांत्रिक विकल्प का उदय हमेशा जनता के बीच से ही होता। ये विकल्प कैसा होगा– या इसका उदय होगा भी या नहीं, ये सवाल अभी अहम नहीं है। अभी सिर्फ यह अहम है कि एक नई शुरुआत की गई है।

# पाक को कहां ले जाएगी इमरान की जिद

**इमरान वर्तमान सरकार और फौज की मुखालफत करके इतने पॉप्युलर हो चुके हैं कि अगर अभी चुनाव हो तो फिर से जीत जाएंगे। ऐसा नहीं हुआ तो वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इमरान पाकिस्तान के टुकड़े–टुकड़े करवाने में भी नहीं हिचकेंगे। इमरान खान की राजनीति में जानकारों को जुल्फिकार अली भुट्टो की सियासत की झलक दिखती है, वही मक्कारी और वही अहंकार। भुट्टो ने ...**

मधुरेन्द्र सिन्हा

पाकिस्तान इन दिनों बदहाली और कुदरत की मार से दुर्गति झेल रहा है। इकॉनमी का हाल यह है कि देश कभी भी दीवालिया घोषित हो सकता है। लेकिन इस समय उसे जो सबसे बड़ा खतरा है, वह इकॉनमी की बदहाली से नहीं बल्कि इमरान खान की चालों से है। कभी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम बनाने वाले इमरान खान इस समय सियासत में जहर उगल रहे हैं। 22 सालों तक पाकिस्तान की सियासत में संघर्ष करने के बाद उन्होंने पाकिस्तान की सत्ता पाई भी तो फौज और मजहबी ताकतों की मदद से। हालांकि कई वजहों से शुरू से उनकी छवि सेकुलर पाकिस्तानी की रही। इमरान खान ऑक्सफर्ड में इकनॉमिक्स और पॉलिटिकल साइंस के स्टूडेंट रहे। उनकी स्कूली पढ़ाई भी लाहौर के क्रिश्चियन स्कूल में हुई थी। स्वाभाविक ही उन्हें वेस्टर्न कल्चर के नजदीक माना जाता रहा है। उनसे एक धनी परिवार की लड़की जेमिमा ने प्रेम किया। दोनों की शादी भी हुई।

इमरान का माइंड गेम

1982 में वह पाकिस्तान–भारत श्रृंखला के लिए क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए। तब मुझे एक इंटरव्यू में इमरान ने दो टूक शब्दों में कहा कि वह न केवल भारत को पराजित करके भेजेंगे बल्कि गावसकर और विश्वनाथ का करियर खत्म कर देंगे। ऐसा कहकर उन्होंने भारत–पाकिस्तान के बीच एक मनोवैज्ञानिक जंग यानी माइंड गेम की शुरुआत की थी। इमरान शुरू से ही रणनीति बनाने में माहिर थे। उन्होंने 1992 में वर्ल्ड कप जीत कर भी दिखाया। सियासत में कदम रखते ही उन्हें यह समझ में आ गया कि अगर पाकिस्तान में राजनीति करनी है तो मजहब का साथ लेना ही होगा। इसके बाद इमरान खान की छवि तेजी से बदली और जल्द ही नौबत यहां तक आ गई कि उन्हें तालिबानी इमरान कहा जाने लगा। आखिर फौज की मदद से वह 2018 में पाकिस्तान के पीएम बने। नवाज शरीफ को देश छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के संगीन मामले थे। इमरान खान की छवि एक सुधारक की थी और शुरू में तो लगा कि वह सब कुछ बदल देंगे लेकिन थोड़े समय के बाद सभी कुछ पहले जैसा ही चलने लगा। इमरान खान स्वच्छंद और बिना किसी निर्देश के काम करने वालों में रहे हैं। किसी की सलाह या ऑर्डर मानना उनके लिए कठिन रहा है। पीएम बनने के बाद कुछ दिनों तक तो वह आर्मी चीफ की गाइडलाइंस मानते रहे लेकिन अपने स्वच्छंद स्वभाव के कारण उनसे भी दूर होते चले गए। और जब आईएसआई चीफ के चयन की बात आई तो उन्होंने फौज का भेजा हुआ नाम मंजूर नहीं किया। इससे स्वाभाविक ही जनरल बाजवा से उनकी ठन गई। इस साल अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव में पराजित होने के बाद वह सत्ता से दूर तो हो गए लेकिन उसके पहले उन्होंने फौज को सीधे चेतावनी दे दी कि वह उन्हें देख लेंगे।

सत्ता से हटने के पहले इमरान ने वही ड्रामा किया जो पहले एक समय जुल्फिकार अली भुट्टो ने किया था। उन्होंने अमेरिकी राजदूत के कुछ अनौपचारिक दस्तावेज की कॉपियां निकाल कर हंगामा मचा दिया कि अमेरिका के इशारे पर उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने फौज के खिलाफ भी अवाम को भड़काया। पाकिस्तान जिसके बारे में कहा जाता था कि उसे अल्लाह, आर्मी और अमेरिका चलाते हैं, तीन में से दो से दूर हो गया।

आज औसत पाकिस्तानी अमेरिका को अपना दुश्मन मानता है और आर्मी से भी खफा है। इमरान ने कई जलसे किए जहां दो टूक शब्दों में इस मामले को मजहबी बना दिया और इसे जिहाद का नाम दिया। यानी शहबाज शरीफ की सरकार के विरोध को उन्होंने धर्मयुद्ध में बदल दिया। पाकिस्तान में वहाबी इस्लाम और पश्चिम का विरोध आम बात है। कश्मीर में जिहाद के नाम पर भी वहां करोड़ों रुपये का चंदा वसूला जाता है। इमरान ने इस खेल में भी खूब हाथ बंटाया। आज आम पाकिस्तानी दाने–दाने को मोहताज है। लेकिन इमरान को किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए। अब खेल इमरान बनाम आर्मी हो गया है। अब तक आर्मी चीफ जनरल बाजवा की मुखालफत कर रहे इमरान खान ने सरकार को जनरल बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने का सुझाव दे दिया है। हालांकि इस सुझाव के मूल में है उनकी यह मांग कि नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति को चुनाव के जरिए नई सरकार बनने तक के लिए टाल देना चाहिए। सबसे बड़ा कर्जदार देशः इमरान खान की शख्सियत ऐसी है कि आम पाकिस्तानी एक बार तो उनके झांसे में आ ही जाता है। उनका विरोध का तरीका ऐसा है कि अवाम को लगता है, वह सच बोल रहे हैं। सचाई यह है कि अपने पौने चार साल के शासन में उन्होंने पाकिस्तान को दुनिया के सबसे बड़े कर्जदार देश में बदल दिया। आज पाकिस्तान पर 50 खरब रुपये का कर्ज है जिसका ब्याज देते–देते वह कंगाल हो चुका है। यह कर्ज उसके कुल जीडीपी का 80 फीसदी है। इमरान वर्तमान सरकार और फौज की मुखालफत करके इतने पॉप्युलर हो चुके हैं कि अगर अभी चुनाव हो तो फिर से जीत जाएंगे। ऐसा नहीं हुआ तो वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इमरान पाकिस्तान के टुकड़े–टुकड़े करवाने में भी नहीं हिचकेंगे। इमरान खान की राजनीति में जानकारों को जुल्फिकार अली भुट्टो की सियासत की झलक दिखती है, वही मक्कारी और वही अहंकार। भुट्टो ने सत्ता के लिए मुल्क के दो टुकड़े करवा दिए थे। पाकिस्तानी डिप्लोमैट साजिद तरार मनाते हैं कि जो काम भारत अरबों डॉलर खर्च करके नहीं कर सका वह इमरान खान ने कर दिखाया। देश के तीन टुकड़े कभी भी हो सकते हैं।

# यात्रा में जनता से करीबी संवाद करने से राहुल, कांग्रेस दोनों में आएगा बदलाव

**यह मानना भी सही नहीं है कि इस यात्रा से कांग्रेस को कोई लाभ नहीं होगा। क्या सरकार को कटघरे में खड़ा करना कोई मामूली सफलता है? जनता के साथ नजदीक से संवाद के बाद राहुल और कांग्रेस बदले बिना नहीं रह सकते। सच तो यह है कि इस यात्रा ने जाने–अनजाने उन्हें आजादी के आंदोलन की विरासत से सीधे जोड़ दिया है, जिसका मुख्य हथियार सत्यागह था। लंबे समय तक सत्ता में...**

अनिल सिन्हा

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अपने रास्ते पर थोड़ा आगे बढ़ चुकी है। वह तमिलनाडु से निकल कर केरल में आ गई है। हालांकि लोग कांग्रेस को पुरानी कहावत याद दिला रहे हैं कि दिल्ली अभी दूर है। भले ही, देश की सबसे पुरानी पार्टी यह दावा करे कि वह यात्रा के जरिए कोई राजनीति नहीं कर रही है, लेकिन किसी को इसमें संदेह नही होना चाहिए कि इस यात्रा के निश्चित राजनीतिक उद्देश्य हैं। यात्रा का विरोध करने वालों का यह सवाल भी बेमतलब है कि यात्रा कितनी राजनीतिक है। राजनीति गलत काम नहीं है। राजनीतिक पार्टियों को राजनीति करनी चाहिए और इसके बारे में बताना भी चाहिए। इस पर जरूर बहस होनी चाहिए कि कौन सी पार्टी क्या राजनीति कर रही है। यानी उसकी नीतियां क्या हैं और देश–समाज को लेकर उसके सपने क्या हैं। हमारे लोकतंत्र की एक बड़ी कमजोरी यह है कि मतदाताओं को पता ही नहीं है कि किस पार्टी की क्या नीति है। पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं को भी नहीं बताती हैं कि उनकी विचारधारा क्या है। क्या राहुल गांधी की यह यात्रा इस कमजोरी को कम करेगी? इस यात्रा से कांग्रेस को अपने विचार जनता के सामने लाने का मौका मिला है। साढ़े तीन हजार किलोमीटर की यात्रा में राहुल या उनके नेता चाहें या न चाहें उन्हें देश के ज्यादातर सवालों के बारे में अपनी नीतियां बतानी पड़ेंगी। इस क्रम में कई सवालों के जवाब देना उनके लिए मुश्किल भी होगा। गौर से देखें तो यात्रा की थीम काफी सोच–समझ कर बनाई गई मालूम होती है। कांग्रेस ने उन जरूरी मुद्दों को उठाया है जो देश के लिए महत्वपूर्ण हैं पहला मसला नफरत भरा माहौल बदलने का है। माना गया था कि रामजन्मभूमि विवाद हल होने के बाद मंदिर–मस्जिद विवादों से देश को मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन यह थमने का नाम नहीं ले रहा है। काशी और मथुरा ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे झगड़े जोर पकड़ने लगे हैं। हिजाब का मुद्दा भी ऐसा ही है। गुजरात की सांप्रदायिक हिंसा का भूत भी पीछा नहीं छोड़ रहा। गुजरात गैंगरेप के अपराधियों का जेल से बाहर आना और उनका स्वागत होना भी यही दिखाता है कि यह बीमारी गंभीर है। इन सबके बीच नफरत छोड़ने का नारा देकर राहुल गांधी की इस यात्रा ने निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल की है।



यात्रा ने आर्थिक सवालों को दूसरा बड़ा मुद्दा बनाया है। इसमें महंगाई, बेरोजगारी जैसे सवाल तो खुद ही आ जाते हैं। वे सवाल भी आ जाते हैं कि सरकारी कंपनियों का निजीकरण हो या नहीं, शिक्षा, स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को कितना बढ़ाया जाए, नौकरी करने वालों को किस तरह की सुरक्षा दी जाए। किसानों को फसल का वाजिब दाम और अन्य सुविधाएं देने का क्या तरीका हो। इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस के लिए इन सवालों का सामना करना मुश्किल होगा क्योंकि इनमें से कई सवाल उसकी आर्थिक नीतियों ने ही पैदा किए हैं। यात्रा का तीसरा मुद्दा संघीय ढांचे के कमजोर होने का है। ऐसा नहीं है कि यह सवाल अतीत में नहीं उठा है। केंद्र और राज्यों में अलग–अलग पार्टी की सरकारें होने पर यह सवाल गहरा हो जाता है। केंद्र सरकार की ओर से राज्यों में विपक्षी पार्टियों की सरकार गिराने और राष्ट्रपति शासन लगाने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। इसे रोकने के लिए कानूनों में सुधार किए गए और दल–बदल कानून भी बना। लेकिन इसने अब बुरी शक्ल ले ली है। राज्यों की कई सरकारें इस तरह गिरी हैं, जिनमें दल–बदल कानून की धज्जियां उड़ गई हैं। इसके अलावा जीएसटी जैसे कई कानून बन गए हैं जिनसे राज्यों की स्वायत्तता में काफी कमी आई है। राज्य सरकार के राज्यपाल से संबंध भी लगातार विवादों के घेरे में रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल है लोकतंत्र के बदलते स्वरूप का। हमें यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि राजनीतिक शक्तियों का बहुत ज्यादा केंद्रीकरण हो गया है। इसमें नई टेक्नॉलजी का भी बड़ा योगदान है। अब फैसले तेजी से लिए जा सकते हैं और उन्हें बिना देरी के नीचे तक पहुंचाया जा सकता है। ऐसे में, राहुल गांधी की इस बात में दम है कि लोगों से संवाद की जरूरत है क्योंकि टेक्नॉलजी ने सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के जनता के साथ संवाद को एकतरफा बना दिया है। अमीरी की तारीफ करते–करते हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि सादगी से हमारा नाता टूट रहा है। अमीर–गरीब के बीच की खाई के बारे में भी हमने सोचना बंद कर दिया है। क्या ऐसे मुल्क में जहां अस्सी करोड़ लोग सरकारी राशन पर जीने के लिए मजबूर हैं, ऐसी स्थिति सही मानी जाएगी? पांच महीने चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा से सरकारी नीतियों की दिशा से जुड़े ऐसे सवाल बहस के केंद्र में आएंगे। सत्ताधारी बीजेपी मानती है और यह बात उसके लोग कह भी रहे हैं कि कांग्रेसी पहले अपनी पार्टी को जोड़ने की फिक्र करें। यह सोच लोकतांत्रिक नहीं है। हर पार्टी को अपने–अपने स्तर पर देश के बड़े सवाल उठाने चाहिए। यह मानना भी सही नहीं है कि इस यात्रा से कांग्रेस को कोई लाभ नहीं होगा। क्या सरकार को कटघरे में खड़ा करना कोई मामूली सफलता है? जनता के साथ नजदीक से संवाद के बाद राहुल और कांग्रेस बदले बिना नहीं रह सकते। सच तो यह है कि इस यात्रा ने जाने–अनजाने उन्हें आजादी के आंदोलन की विरासत से सीधे जोड़ दिया है, जिसका मुख्य हथियार सत्यागह था। लंबे समय तक सत्ता में रहने से कांग्रेस प्रतिरोध के इस हथियार को भूल गई थी।



# झूठी घटनाओं की अफवाहों से बचें, अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध

## विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय संरक्षक की तरफ से बच्चा चोरी को लेकर अपील

बिसवां नगर (सीतापुर)। विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ष्ट्रस्ट ष्भारत के राष्ट्रीय संरक्षक एसएस दिनकर ने बताया कि आए दिन बच्चा चोरी से संबंधित प्रदेश के कई जिलों से सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। पुलिस विभाग की छानबीन से यह पता लगा कि यह सब अधिकतर घटनाएं आपसी विवाद व रंजिश के द्वारा कराई जा रही हैं।

जिसमें मासूम बच्चों, महिलाओं को शिकार बनाया जा रहा है और हत्याएं, बलात्कार आदि घिनौने कृत्य जैसी आदि घटनाएं भी शामिल हैं। सभी जनतावासियों से अपील है कि आप लोग ऐसी झूठी घटनाओं की अफवाहों से बचें, अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध है। संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस को सूचना करें। कानून को हाथ में ना लें और अपने आप पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए ऐसा कोई कदम ना उठाएं। जिससे आपको किसी भारी मुसीबत का सामना करना पड़े। स्वयं जागरूक बनो, लोगों को भी जागरूक करें। गलत अफवाहों से बचें और विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के समस्त प्रदेश के समस्त सद्स्यों एवं पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया जाता है कि आप लोग भी अपने क्षेत्रों में मानवाधिकार जन पहल चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करें। जिससे समाज में हो रही घटनाओं से लोगों को बचाया जा सके।

# स्वस्थ एवं शिक्षित बचपन देश का मजबूत भविष्य होता हैः प्रभाष कुमार

## बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ शिक्षित करने की भी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कीः-विधायक

हरदोई। विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक साण्डी प्रभाष कुमार ने आठ नव निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों के शिलापटों का लोकापर्ण बटन दवाकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य एवं शिक्षित बचपन देश का मजबूत भविष्य होता है, इसलिए आंगनबाड़ी की दोहरी जिम्मेदारी होती है कि आंगनबाड़ी केन्दों पर आने वाले बच्चों का स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ शिक्षित करने की भी जिम्मेदारी होती हैं। उन्होने कहा कि जनपद में विगत कई वर्षो में कुपोषण के प्रति काफी प्रगति हुई है जिसके लिए सभी आंगनबाड़ी प्रशंसा की पात्र है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा अनुरूप अपने क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं, धात्री, बालिकाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का नियमित वजन लेने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण करायें और पोषाहार का वितरण करें और बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों के स्वास्थ्य, विकास एवं शिक्षित करने के उपयों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में विधायक ने ब्लाक बिलग्राम के ग्राम बलेन्दा, शाहाबाद के ग्राम हूसेपुर लुकमान, टोडरपुर के ग्राम फतेहपुर गयन्द, अहिरोरी के ग्राम तिलकपुरवा, उमरापुर, कुंइया व लोधी तथा ब्लाक कोथावां के नव निर्मित ग्राम सिकन्दरपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकापर्ण किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा मधुर, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्दि मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह सहित भारी संख्या में आंगबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# ज्वाइंट डायरेक्टर एससीईआरटी अजय कुमार सिंह ने किया जनपद के शिक्षकों को संबोधित

हरदोई।प्रदेश में राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा को लेकर प्रदेश में मुहिम छेड़ी गयी है ताकि मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की इस पहल से पूरे प्रदेश के बच्चे लाभान्वित हो सके।जनपद में भी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा को लेकर एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । यह अभिमुखीकरण कार्यक्रम ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह की ओर से किया गया । देर रात आयोजित हुए इस कार्यक्रम में जनपद के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी , जिला समन्वयक , एस आर जी , ए आर पी , जूनियर विद्यालयों की शिक्षक अंत तक जुड़े रहे ।

आपको बताते चलें कि राज्य स्तर से जनपद में इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु नोडल भी नामित किये गए हैं जिसमें शिक्षक शिवम शर्मा व नितेश सिंह शामिल हैं । शिक्षक शिवम शर्मा ने इस परीक्षा कार्यक्रम पर आधारित प्रस्तुतिकरण कर सभी को अवगत कराया कि परीक्षा का पैटर्न क्या है , जनपद को आवंटित सीट्स कितनी हैं , पिछले वर्षों में क्या स्थिति रही है जनपद की । शिक्षक नितेश सिंह द्वारा कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत की गई।

कार्यक्रम में जुड़े मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह जॉइंट डायरेक्टर एस सी ई आर टी का स्वागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में शिक्षकों को आदर्श बताते हुए उनमें एक सकारात्मक ऊर्जा देने का प्रयास किया।उन्होंने बार बार अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे शिक्षक सब कुछ कर रहे हैं , उन्हें निर्देश देने के बजाय उनपर भरोसा करने की आवश्यकता है।आज समाज का हर तबका उनपर प्रश्न चिन्ह लगाने को तैयार बैठा है वैसे में यह अवसर है कि हमारे शिक्षक जवाब दें कि देखिए सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे इस परीक्षा को पास कर छात्रवृत्ति पा रहे हैं । मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में इसबार जनपद को आवंटित 321 सीट्स के सापेक्ष 10 गुना आवेदन करवाने और हर एक सीट पर चयन के लिए सभी को कार्य करने को मार्गदर्शित किया गया । कार्यक्रम में बी एस ए द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारी, ए आर पी एसआरजी व जूनियर विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों को विस्तार से इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

आपको बताते चलें कि जनपद हरदोई को 321 सीटें आवंटित है जिसमें गत वर्ष 233 बच्चों ने सफलता प्राप्त की थी

लेकिन 88 सीटें खाली चली गई थीं । यही स्थिति पूरे प्रदेश के लगभग हर जनपद की है ।

रात 8 बजे से शुरू इस ऑनलाइन अभिमुखीकरण कार्यक्रम में एक घण्टे से अधिक समय तक सभी अधिकारी व शिक्षक जुड़े रहे ।

खण्ड शिक्षा अधिकारी भरावन राम कुमार द्विवेदी द्वारा विकास खण्ड भरावन को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए विकास खण्डवार लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन करने का सुझाव रखा गया । जिसपर सभी ने कार्य करने की सहमति दी । कार्यक्रम में बी ई ओ मनोज बोस ,श्याम जी गुप्ता,मंजू वर्मा,अविनाश द्विवेदी,अनुपमा सिंह, अभिषेक गुप्ता, आशीष मिश्रा सहित अनेको शिक्षक जुड़े रहे।

# न्यायालय में आपराधिक मुकदकमो के लिये महिला आरक्षी नियुक्त

## उच्च शिक्षित महिला आरक्षियों को उनके दायित्यों के निर्वहन की जानकारी देते एएसपी रावत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने केस मानिटरिंग पैरवीकार महिला आरक्षीगण के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा



निर्देश दिए। अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक के आदेश से केस मानिटरिंग पैरवीकार के रुप में प्रत्येक न्यायालय में एक एक उच्च शिक्षित महिला आरक्षी की नियुक्ति की गयी है, इनका दायित्व है कि, अपने न्यायालय के सभी मुकदमों की मानिटरिंग करेंगी व गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगी, प्रतिदिन न्यायालय से जो भी सम्मनध्वारण्ट निर्गत हो रहे हैं उनका समय से तामिला की मानिटरिंग सुनिश्चित कराएगी तथा सभी पुलिसकर्मी केस मानिटरिंग पैरवीकार, प्रभारी मानिटरिंग सेल के निकट पर्यवेक्षणध्निर्देशन में कार्य करेंगे। उक्त सभी केस मानिटरिंग पैरवीकार मुकदमों की मानिटरिंग हेतु एक–एक रजिस्टर तैयार करेंगे, जिसमें उनके द्वारा अपने अपने न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों का पूर्ण विवरण मानिटरिंग सेल प्रभारी के निर्देशन में तैयार कर अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त सभी केस मानिटरिंग पैरवीकार प्रतिदिन अपने–अपने न्यायालयों के लगे समस्त मुकदमों के सम्बन्ध में थानों के न्यायालय पैरवीकारध्कोर्ट मोहर्रिरध्कोर्ट कर्मीध्अभियोजन अधिकारीध्शासकीय अधिवक्ताओं से सम्पर्क स्थापित करते हुए वाँछित सूचना एकत्र करेंगे तथा केस मानिटरिंग पैरवीकार सूचना से अवगत करायेंगे तथा प्रत्येक सप्ताह के अन्त में मानिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय में उपस्थित होकर रजिस्टर का मिलान कराने हेतु निर्देशित किया गया। रावत द्वारा पुलिस कार्यालय में उक्त महिला आरक्षी गण को दायित्वों का बोध कराया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

सिधौली (सीतापुर)। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सिधौली विद्युत केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत समाधान सप्ताह में आने वाली शिकायतों का फीड बैक लिया और शिकायतकर्ताओं से बात की। तीनों शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री .विद्युत उपकेंद्र 7.05 पर पहुंचे। आते ही उन्होंने विद्युत सप्ताह में आने वाले रजिस्टर की मांग और कस्बे के उपभोक्ता नीरज से बात की। उनकी मीटर लगने की शिकायत थीं। जिसके बारे में जानकारी ली। नीरज ने बताया कि उनका मीटर लगाया गया है। राबिया बानो का फोन नहीं लगा। विनोद कुमार का बिल अधिक आया था। जिसकी शिकायत का भी निस्तारण की पुष्टि उपभोक्ता ने कर दी। विजय सिंह ने लोड कम करने की शिकायत की थी। जिसकी भी शिकायत का निस्तारण हुआ। इसकी जानकारी मंत्री ने विजय को दी। ऊर्जा मंत्री 7.50 बजे निरीक्षण कर वापस रवाना हो गये।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन करेंः जिलाधिकारी

हरदोई ।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के ऐसे ख्याति प्राप्त महानभावों जिन्होने शासत्रीयध्लोक संगीत, गायन, वादन, नृत्य, फिल्म, मीडिया, समाजसेवा, समाज कल्याण, युवा कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांग कल्याण, कृषि, उद्यान, दुग्ध, गोसेवा, पशु पालन, वन, वन्यजीव, पर्यावरण, उद्यमिता, कौशल विकास, रोजगार, स्वावलंबन, शिक्षा, साहित्य, विज्ञान आदि में देश एवं विदेश में प्रदेश का नाम रोशन किया हो को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के तहत चयनित महानभाव को 11 लाख रूपया, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि उ0प्र0 गौरव सम्मान में पूर्व में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त महानुभाव को इस पुरस्कार की पात्रता परिधि में नहीं रखा जायेगा। उन्होने कहा है कि जनपद के पात्र महानुभाव अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर भरकर 15 अक्टूर 2022 तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय जवाहर भवन लखनऊ को प्रेषित करें।

# दुर्दशा का दंश झेलने को मजबूर हैं बाजारवासी

जौनपुर। सड़क स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर जहां प्रदेश सरकार तमाम दावे कर रही है वहीं जनपद के विभागीय अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। दशकों से कीचड़ का दंश झेल रहे पट्टीनरेन्द्रपुर के बाजारवासियों को प्रदेश की भाजपा सरकार से काफी उम्मीदें थी।बाजार में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।जहां एक ओर जलजमाव से राहगीरों को काफी मुसीबत झेलनी पड़ रही है वहीं बाजार वासियों का जीवन नारकीय हो गया है।खुटहन विकासखण्ड स्थित इस बाजार के लोगों के अलावां सीमा से सटे सुलतानपुर जनपद के लोग भी खरीददारी करने के लिए यहाँ आते हैं।वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रही इस बाजार में अक्सर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। हल्की बारिश थमने के बाद चौराहे से चारों तरफ की सड़कें हमेशा कीचड़ से भर जाती हैं, जिससे आवागमन की समस्या के अलावां लोगों पर संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

# 132 के0बी0 डुमरियागंज में मनाया गया विश्वकर्मा जयंती

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के साथ मशीनों का किया गया पूजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। विश्वकर्मा जयंती हर साल 17 सितंबर को मनाई जाती है और इस दिन पौराणिक काल के इंजीनियर माने जाने वाने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। इस अवसर पर सभी कामगार वर्ग के लोग, कुशल, कारीगर और फैक्ट्रियों के मजदूर विश्वकर्माजी की पूजा करते हैं। इस अवसर पर सभी कारखानों में मशीनी उपकरणों की पूजा की जाती है और हवन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से कारोबार में वृद्धि होती है। कलयुग में भगवान विश्वकर्मा की पूजा सभी के लिए जरूरी मानी गई है। इस मौके पर लालजी शर्मा ने कहा कि दुनिया के पहले वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है और उन्होंने कई पौराणिक इमारतों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा ने ही इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंका और जगन्नाथपुरी का निर्माण करवाया था। उन्होंने ही भगवान शिव का त्रिशूल और विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र तैयार किया था।

इसलिए सभी इंजीनियर और मशीनों से जुड़े लोग भगवान विश्वकर्मा को अपना भगवान मानते हैं। वहीं देवेन्द्र प्रसाद मौर्य ने कहा कि सबके लिए जरूरी है विश्वकर्मा पूजा कलियुग में भगवान विश्वकर्मा की पूजा इसलिए जरूरी मानी गई है कि क्योंकि आज के युग में हर व्यक्ति तकनीक से जुड़ा हुआ है। मोबाइल, टैब और लैपटॉप के बिना भी कोई काम संभव नहीं है। छात्र हों या फिर घरेलू महिलाएं सभी के जीवन में तकनीक का खास महत्व है। इसलिए विश्वकर्मा जयंती पर पूजा करना सभी के लिए आवश्यक है। इस दौरान शिव कुमार, संजय गिरि, राजेन्द्र प्रसाद चौबे, नरेंद्र राजपूत, श्री राम, छोटे चौधरी, राधे चौधरी, अशोक कुमार, जय मोहन, जितेन्द्र,अमित कुमार,जैसम चौधरी,राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत में ज्ञान विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही हैःडॉ0 अरविंद सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत में ज्ञान–विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही है। विज्ञान के क्षेत्र में भारत दुनिया को ज्ञान प्रदान करता रहा है। गणित के क्षेत्र में भारत ने शून्य और अनंत, 1 से 9 तक की गिनती,सर्जरी व 127 प्रकार की चिकित्सा पद्धतियां जो जीवन रक्षा का काम करती थी दुनिया को दिया। तक्षशिला और नालंदा जैसे 64 विश्वविद्यालय थे जहां दुनियाभर के छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते थे। उस समय तक्षशिला में 10500 विद्यार्थी थे, 60 विषयों की मान्यता थी जिसको मुगलों और अंग्रेजों ने समाप्त करने का काम किया। दुनिया भर में सर्वाधिक स्त्री शिक्षा भारत में ही थी जो हजारों साल से चली आ रही श्रेष्ठ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करती थी मैक्समूलर, मैकाले व जेम्स ने भारतीय ज्ञान विज्ञान की परंपरा को विकृत करने का काम किया। भारत दुनिया का आईना था। यहीं



के वैज्ञानिक पूरी दुनिया पर राज कर रहे थे। उक्त बातें शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ के प्राचार्य डॉ अरविंद सिंह ने कही। वह विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में आयोजित तीन दिवसीय संकुल शिक्षण–प्रशिक्षण कार्यशाला (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में अत्यंत श्रेष्ठ परंपरा रही है। लेकिन उसमें विस्मृत कराने का प्रयास किया गया। पश्चिमी देशों के मुकाबले यहां के विज्ञान का उद्भव काफी पहले ही हो गया था। शिक्षा किसी भी राष्ट्र का प्राण होती है। भारत का प्राण हिंदुत्व है यदि हिंदुत्व भारत से निकाल दिया जाए तो वह सुखे वृक्ष के समान हो जाएगा। भारत की शिक्षा संपूर्ण थी सभी कलाओं से परिपूर्ण थी जिसे मैकाले ने ध्वस्त करने का काम किया। हमने केवल भारत को ही नहीं पूरे पृथ्वी को माता माना था पृथ्वी को किसी देश ने माता के रूप में स्वीकार नहीं किया लेकिन हमने हजारों साल पहले अपने ज्ञान विज्ञान के आधार पर सर्वप्रथम वसुधैव कुटुंबकम की भावना को स्वीकार किया था। हमने अपने अच्छाई को तलवार के बल पर नहीं बल्कि अपने कर्म के आधार पर अपने भारतीय ज्ञान विज्ञान की उज्जवल परंपरा को फैलाया। हमने कभी एक हाथ में वेद और दूसरे हाथ में तलवार का सहारा नहीं लिया। विद्या भारती भारत की श्रेष्ठ परंपरा को बनाए रखने के लिए ज्ञान विज्ञान से ओतप्रोत शिक्षा, विद्या व ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आप सभी प्रशिक्षार्थी नई शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने में अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें जिससे भारत माता का गौरव और बढ़ेगा। शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी ने कहा विद्या भारती का लक्ष्य यदि आप आत्मसात कर ले तो नई शिक्षा नीति आत्मसात हो जाएगी। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य व संकुल प्रमुख राकेश मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराया। उक्त अवसर पर बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू चौहान समेत सभी आचार्य बंधुओं व आचार्य बहनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,







लखनऊ के अनुपालन में व जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर संजय कुमार मलिक के निर्देशानुसार पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर चन्द्रमणि द्वारा जानकारी दी गयी कि आज दिनांक 17.09.2022 को अपराह्न 02 बजे से आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों से संबंधित मामलो को समझौते के आधार पर निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर सिद्धार्थनगर में किया गया। उक्त आरबीट्रेशन निष्पादन वादों के संदर्भ में संजय कुमार मलिक जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कुल 03 वाद, शकील उरहमान खान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या–01 द्वारा कुल 05 वाद, अशोक कुमार नवम् विशेष न्यायाधीश (एस0सी0ध्एस0टी0) एक्ट द्वारा 01 वाद, मोहम्मद शफीक अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बांसी द्वारा कुल 03 वाद, प्रमोद कुमार सिंह–द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) द्वारा कुल 03 वाद, हिमांशु दयाल श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या–03 द्वारा कुल 03 वाद, कामेश शुक्ला अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध एफ0टी0सी0–प्रथम द्वारा 01 वाद एवं बृजेश कुमार–द्वितीय पर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्एफ0टी0सी0–द्वितीय द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश तथा समस्त अपर जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा कुल 21 आर्बीट्रेशन वादों का सफल निस्तारण कर विशेष लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

# नगर में जलभराव से सांसत में लोग

## लगातार मूसलाधार बारिश से बढ़ी मुसीबतें, कई घरों में घुसा पानी

देवरिया। जनपद में तीन दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से शहर के कई मोहल्लों में जलभराव हो गया है। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से लोगों को पानी से होकर आना–जाना पड़ रहा है। वहीं कुछ जगह पानी घरों तक पहुंचने के कारण लोगों को सांसत झेलनी पड़ रही है। करीब 25 वर्षों से केवल कागजों में जल निकासी की व्यवस्था हुई है। जिसे कारण शहर के बड़े नाले से जुड़े छोटे नाले का पानी पहुंच नहीं रहा है। वहीं दूसरी तरफ मोहल्लों की छोटी नालियां चोक होने से पानी सड़कों पर बह रहा है।

हर साल होने वाली मूसलाधार बारिश में अफसरों को शहर की जलनिकासी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना याद आता है। पर सच तो यह है कि 1998 से अब तक जल निकासी की व्यवस्था की कार्ययोजना केवल कागजों में तैयार होती रही है। सिविल लाइंस पर बड़ा नाला भी करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया है। इसके बाद भी जल निकासी का इंतजाम नहीं हो पाया है। बड़े नाले का हाल यह है कि इससे छोटे नालों को जोड़ने की कार्ययोजना केवल कागजों में बनाई गई है। पुलिस लाइंस, पुराना पोस्टमार्टम रोड, राघव नगर, कोतवाली रोड, जिला अस्पताल रोड, रामलीला मैदान सहित अन्य मोहल्लों से बड़े नाला तक मिलने छोटे नाले का पानी नहीं जा पा रहा है। इसके पीछे कारण यह है कि बड़ा नाला काफी ऊंचा है। ढलान गलत होने से यह दिक्कत आ रही है। यहां तक कलेक्ट्रेट, पुलिस आफिस सहित अन्य भवन नीचे हो गए हैं। इन जगहों से जल निकासी की व्यवस्था बड़े नाला तक नहीं हो पाई है। वहीं सबसे बड़ी दिक्कत मोहल्लों में उत्पन्न हो गई है। जलभराव के कारण .शहर के करीब दस मोहल्लें में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शहर के वार्ड नंबर पांच के शांति नगर, भटवलिया, रामगुलाम टोला, गरूणपार, दानोपुर, पिड़रा, देवरिया खास, रामनाथ देवरिया, उमानगर में लोगों का घुटने भर पानी के रास्ते घर आना जाना मजबूरी बन गया है। यह समस्या इन मोहल्लों में जड़ जमा चुकी है। बड़े नाले से आस, निर्माण की गति सुस्तः शहर के खोराराम रोड के कुर्ना नाला से करीब 8.8 किलोमीटर बड़े नाला का निर्माण 41 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। यह नाला 15 फीट गहरा और बारह फीट चौड़ा बनाया जा रहा है। इस बरसात में नाला को शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ले के मोड़ तक निर्माण हो जाना चाहिए था। पर अभी तक महज पांच सौ मीटर भी नाला का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इस नाला के जरिए प्लान बनाया गया है कि जल निकासी की समस्या दूर कर दी जाए। नाला खोराराम रोड से रामनाथ देवरिया चौराहे पर दो भागों में बंट जाएगा। एक पुलिस लाइंस तक दूसरा वन विभाग के रास्ते सिविल लाइंस के नाला को जोड़ेगा पर निर्माण की गति मंद है। नाला को 2024 में बनकर तैयार होना है। जनवरी 2022 में काम शुरू होना था, लेकिन अप्रैल में कार्य शुरू हुआ है, जिससे देरी होना स्वाभाविक है।

## सड़क के गड्ढों में भरा पानी, आवागमन हुआ मुश्किल

सलेमपुर। तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से चारों तरफ जल भराव हो गया है। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर गया है, वहीं गांवों में कीचड़ से सराबोर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। नगर के सेंट जेवियर्स रोड पर पानी भरने से स्कूली बच्चों को आने–जाने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से नगर के लोगों व राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। बुधवार को 49.6 मिलीमीटर, बृहस्पतिवार को 62.8 व 43.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। केंद्रीय जल आयोग के नदावर स्थित कार्यालय के मुताबिक तीन दिन के अंदर करीब 200 मिलीमीटर बारिश हुई है। नगर में सबसे खराब स्थिति चेरो रोड व सेंट जेवियर्स रोड की है। इस सड़क पर चलना लोगों को मुश्किल हो गया है। चेरो रोड से लिटिल फ्लावर स्कूल के बच्चे जाते हैं। वहीं सेंट जेवियर्स रोड से सेंट जेवियर्स, जीएम एकेडमी, एमके सेंट्रल एकेडमी, स्कालर्स पब्लिक स्कूल, मदर टेरेसा स्कूल के बच्चे पढ़ने जाते हैं। सोहनाग मोड़ से जीएम एकेडमी व सेंट जेवियर्स रोड पर जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर और गड्ढायुक्त होने के चलते जल भराव हो गया है। हर रोज लोगों के घायल होने की स्थिति आ रही है। स्टेशन रोड के गड्ढों में कीचड़ व गंदे पानी से रेलवे स्टेशन, तहसील, ब्लॉक व अस्पताल जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ईओ पंकज कुमार ने बताया कि अभी हाल ही में उनकी तैनाती यहां हुई है। बजट आने पर सड़कों को ठीक कराया जाएगा।

### मूसलाधार बारिश से जगह-जगह जलभराव

भाटपाररानी। पिछले कई दिनों से रात और दिन में हो रही जोरदार बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आने–जाने में दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। अनवरत हो रही बारिश से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी परिसर, तहसील परिसर, ब्लॉक परिसर में जलभराव हो गया है, जिससे अपने कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर के शिव मंदिर रोड, सोहनपार, रामपुर लिटिहा में कई स्थानों पर तथा डोमडीह वार्ड के लाखोपार जाने वाली गड्ढामय सड़क में जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आने–जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। अस्पताल परिसर में जलभराव से रोगियों को अंदर आने–जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक परिषदीय विद्यालयों बनकटा मिश्र, बीआरसी भाटपाररानी, जावाडीह, टीकमपार आदि के परिसर में जलभराव हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में ही सोहनपुर बाजार, गजहरवा परसिया छितनी सिंह मार्ग, भाटपाररानी भटनी मार्ग, भिंगारी कुकुरघाटी मार्ग आदि पर कई जगह जलभराव होने से सड़कें पानी में डूबी हुई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। लोगों ने शासन प्रशासन से इससे निजात दिलाने की मांग की है।

## 40 घंटे से ठप है महेन फीडर से जुड़े 50 गांवों की बिजली, हाहाकार

बरहज। क्षेत्र के महेन गांव स्थित विद्युत निगम कार्यालय से जुड़े पचास गांवों की आपूर्ति 40 घंटे से ठप है। जिससे हाहाकार मचा हुआ है। अधिकारी और कर्मचारी 30 इंसुलेटर बर्स्ट करने और 15 खंभा गिरने से बिजली ठप होना बता रहे हैं। आपूर्ति बहाल न होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। पिछले चार दिनों से रुक–रुक कर झमाझम बारिश हो रही है। जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया है। वहीं महेन फीडर से ब्रहस्पतिवार भोर से आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली गुल होने से करीब 50 गांवों के लोग अंधेरे में हैं। उपभोक्ता कृष्णमुरारी पांडेय, अखिलेश सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, प्रवीण चंद्र आदि का कहना है कि बिजली गुल होने से खराब मौसम में विषैले जीव–जंतुओं का डर सता रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि विभाग इंसुलेटर दगने और चार खंभों के गिरने की कवायद कर रहा है। आपूर्ति ठप होने से घरों के इंवर्टर बैठ गए हैं। जबकि पानी की टंकी सूख गई है। बिजली आपूर्ति न मिलने और उपकरणों के बैठने से लोगों में आक्रोश है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता सचिन सिन्हा ने बताया कि कर्मचारियों के साथ नाव आदि के जरिए तकनीकी खराबी दुरुस्त कराई जा रही है। भारी बारिश में अधिक खंभे गिरे हैं, जबकि इंसुलेटर बर्स्ट हो गए हैं।

## नारायनपुर गांव में मिला एईएस का मरीज

नौतनवां। क्षेत्र के नारायनपुर में एईएस (इंसेफलाइटिस) का मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। मरीज का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में हो रहा है। जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव पहुंचकर मरीज के परिजनों व आसपास के लोगों के रक्त के नमूने लिए व क्लोरीन की गोलियों का वितरण किया। जानकारी के अनुसार नारायनपुर गांव में गत बुधवार को एक ढाई साल के बच्चे को अचानक झटका आया और तबीयत खराब होने लगी। परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां एईएस की पुष्टि हुई। बच्चे की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर के स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीज के घर जाकर परिजनों व आसपास के लोगों के रक्त के नमूने लिए एवं क्लोरीन की दवा वितरित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर के अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि एईएस का मरीज मिलने की सूचना मिली है। स्वास्थ्य कर्मियों को मौके पर भेजा गया है।

## बारिश ने शहरियों की बढ़ाई परेशानी, किसानों को राहत

महराजगंज। जिले में दो दिन से हो रही बारिश ने शहरियों की मुसीबत बढ़ा दी है, तो किसानों की बाछें खिल गई हैं। मुरझा रही धान की फसल हरी–भरी हो गई हैं। जगह–जगह जलभराव से लोगों को आने जाने में समस्या हो रही है। शहर में कुछ स्थानों पर बारिश थमने पर पानी कम हो रहा है। जिले में 36.6 एमएम बारिश हुई है। बारिश ने जिला मुख्यालय पर जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। विस्मिल नगर मोहल्ले में जलभराव के बीच एक बुजुर्ग बच्चों को साइकिल से स्कूल ले जाते दिखे। उन्होंने बताया कि नाली से जाम होने के कारण सड़क पर जलभराव हो गया है। शास्त्री नगर मोहल्ले में कुछ स्थानों पर जलभराव से समस्या हुई। राजीव नगर मोहल्ले में इफको के पीछे की सड़क कीचड़युक्त होने के साथ ही गड्ढों में जलभराव है। ब्लॉक परिसर में भी जलभराव से कर्मचारियों समेत लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। जिला परिषद मार्केट में दुकानों में पानी घुस गया। चौक बाजार के किसान राधेश्याम, गौनरिया राजा गांव के चंद्रशेखर ने बताया कि बारिश से धान की फसल को फायदा होगा। ऐसे ही बारिश समय समय पर होती रही तो कुछ पैदावार हो जाएगी। मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांड़ेय ने बताया कि आने वाले तीन दिन रुक–रुक कर बारिश होने की संभावना है। हवा की गति मध्यम रहेगी।

## स्थानांतरण के बाद चार्ज नहीं देने पर ग्राम पंचायत अधिकारी पर केस दर्ज

### राज्य सूचना आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

भटनी। स्थानांतरण के बाद भी चार्ज नहीं देने पर पुलिस ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई राज्य सूचना आयुक्त के निर्देश पर की गई। वहीं डीपीआरओ की ओर से जल्द चार्ज नहीं देने पर आरोपी पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। भटनी के मिश्रौली दीक्षित गांव निवासी सुमंत कुमार दीक्षित आरटीआई कार्यकर्ता हैं। उन्होंने विकास खंड के दो गांव के विकास कार्यों की जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पत्र लिखा था। इसके अलावा पंचायती राज विभाग से एक बिंदु की सूचना भी मांगी थी। मामले में जिलाधिकारी ने एडीओ सदर व भलुअनी को जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही थी। जांच अधिकारी के गांव पहुंचने पर अभिलेख नहीं मिला। पड़ताल करने पर जानकारी हुई कि स्थानांतरण गए सेक्रेटरी ने अभी तक चार्ज ही नहीं दिया है। अभी अधिकारियों की जांच चल ही रही थी कि आठ सितंबर को राज्य सूचना आयोग के यहां इसी मामले में डीपीआरओ सूचना देने चले गए। आयुक्त के पूछने पर डीपीआरओ ने सेक्रेट्री द्वारा चार्ज नहीं देने की बात कही गई। इससे नाराज होकर मुख्य सूचना आयुक्त भवेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर केस दर्ज कराने को कहा। इसी क्रम में डीपीआरओ के निर्देश पर एडीओ पंचायत ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी ब्रजनंदन श्रीवास्तव पर अभिलेख छिपाने का दोषी मानते हुए केस दर्ज किया है। डीपीआरओ अभिनाश कुमार ने बताया कि लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारी पर केस दर्ज कराकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधानमंत्री का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। शनिवार को बांसी ब्लॉक के आजाद सभागार में





विधायक बांसी जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में फीता काटकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विधायक बासी ने प्रधानमंत्री के किए गए कार्यों का बखान करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने बधाई दी इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी अजय राय सहित सचिव परशुराम मणि त्रिपाठी रवि कपूर राव रिंकू कश्यप सहित बांसी ब्लॉक के सफाई कर्मी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## प्रिंट रेट पर मदिरा बिक्री सुनिश्चित करें–संयुक्त आबकारी आयुक्त





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर जोन गोरखपुर की अध्यक्षता में जनपद सिद्धार्थनगर के राजस्व लक्ष्यों व प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सिद्धार्थनगर में आहूत की गयी। बैठक में संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा जनपद के निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति की क्षेत्रवार समीक्षा की गयी। क्षेत्रवार कम उठान वाली दुकानों की गहन समीक्षा की गयी। दुकानों पर पर्याप्त ब्रांड की उपलब्धता की जाँच, दुकानों पर लगे सी०सी०टी०वी० कैमरों, दुकानों को आवंटित मशीनों के क्रियाशीलता की क्षेत्रवार समीक्षा की गयी। बैठक में निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति, आबकारी निरीक्षकों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहने, दुकानों पर टोल फ्री नम्बर एवं अन्य शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने व प्रिंट रेट पर मदिरा बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप आबकारी आयुक्त बस्ती प्रभार बस्ती, सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन बस्ती प्रभार बस्ती, जिला आबकारी अधिकारी सिद्धार्थनगर, व जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत समस्त आबकारी निरीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बाजरा सहजन पकौड़ी सर्वश्रेष्ठ रेसपी घोषित

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। विकास खंड उसका बाजार के ग्राम पंचायत



महुलानी में बाजरा रेसपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विभिन्न 6 ग्राम पंचायतों में दी आईसीआरपी ने आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया तथा बाजरा और सहजन की पत्तियों से बने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जिसमे बाजरा सहजन की पकौड़ी सर्वश्रेष्ठ रेसपी घोषित किया गया। इसमें उपस्थित रेखा देवी, अनुपम पांडेय, कविता कपुरी, गीता दूबे, पुनीता आदि लोग रहे मौजूद।

## पहले शुद्धता परखें फिर खाएं बाजार की मिठाई और नमकीन

महराजगंज। यदि बाजार से खाद्य पदार्थ ले रहे हैं, तो उसकी शुद्धता की परख जरूर कर लें। पांच माह में खाद्य पदार्थों (पनीर, दूध, बेसन, मिठाई, खोवा, नमकीन आदि) के 157 नमूनों में से 56 फीसदी फेल हो गए हैं। इनमें से पांच सेहत के लिए हानिकारक थे। हालांकि, अधिकतर ऐसे थे जो सेहत के लिए नुकसानदायक तो नहीं थे, लेकिन फायदेमंद भी नहीं थे।

जानकारी के अनुसार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने एक अप्रैल से 31 अगस्त तक 485 जगहों का निरीक्षण किया। इस दौरान पनीर, दूध, बेसन, मिठाई, खोवा, नमकीन आदि के 157 नमूने लिए। जांच रिपोर्ट मिली तो पता चला 17 खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर सही सूचना नहीं अंकित की गई थी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के अनुसार पैकेटों पर स्पष्ट और सही सूचना अंकित किया जाना जरूरी होता है।

वहीं, 67 नमूने अधोमानक पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, अधोमानक सामग्री सेहत को नुकसान नहीं पहुंचती है, लेकिन फायदा भी नहीं होता है। मसलन, अगर दूध में पानी मिला है, तो सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन फायदा भी नहीं होगा। जबकि पांच खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट असुरक्षित पाई गई है। इनमें कचरी और मटर शामिल हैं। कचरी में मानक से अधिक रंग मिलने पर असुरक्षित के दायरे में रखा गया। मटर में घुन मिला था। इससे सेहत पर कुछ खास असर नहीं होता है, लेकिन खाद्य पदार्थ का स्वाद खराब हो जाता है।

नौ लाख 11 हजार रुपये जुर्माना वसूलाः खाद्य पदार्थों के नमूने मानक के अनुसार नहीं मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अपर जिलाधिकारी न्यायालय में 70 वाद दाखिल किया था, जिसमें से 58 का फैसला हो गया। इससे नौ लाख 11 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

विभाग ने कार्रवाई तेज की

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्ती करते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। शुद्ध खाद्य पदार्थ का सेवन करने के लिए विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता की जांच समय–समय पर की जाती है। टीम अचानक छापा डालकर कार्रवाई करती है। मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से लोगों द्वारा लाए गए खाद्य पदार्थों की जांच मुफ्त में की जाती है।

लाइसेंस बनाने से 13 लाख से अधिक बढ़ा राजस्व

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सदर अमित कुमार पांडेय ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 306 नए लाइसेंस और 1823 पंजीकरण कराया है। इससे 13 लाख 57 हजार रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। विभाग की तरफ से खाद्य कारोबारियों को जागरूक करने के लिए 17 कैंप और 11 स्कूलों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। 10 स्कूलों का निरीक्षण कर दोपहर के भोजन का 15 नमूने लिए गए। 14 मीट की दुकानों की जांच में 13 का चालान किया गया।

11 लीटर जले तेल को नष्ट करायाः खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम मौर्य ने बताया कि विभाग के अधिकारियों ने जांच के दौरान दुकानों पर 11 लीटर जला तेल मिलने पर उसे नष्ट कराने के साथ चेतावनी भी दी। मशीन से तेल की गुणवत्ता जांच की गई। 27 नमूनों में से पांच मानक के अनुरूप नहीं मिले।

मोबाइल प्रयोगशाला से मिला लाभ

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकिता ने बताया कि जिले में मोबाइल प्रयोगशाला का लाभ लोगों को मिल रहा है। फूड सेफ्टी व्हील के जरिए 23 नमूनों की जांच लोगों ने स्वयं कराई। इनमें चार नमूने ठीक नहीं मिले तो लोगों को परखने की प्राथमिक जानकारी देकर अधिकारियों ने जागरूक किया। तीन स्थानों पर 100 कारोबारियों एवं जवाहर नवोदय विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक अप्रैल से 31 अगस्त तक हुई कार्रवाई के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की परख की गई। रिपोर्ट में मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थ नहीं मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद दाखिल किया गया। जिस पर नौ लाख 11 हजार जुर्माना वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराया गया।

# न0पं0 सभागार में मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर अध्यक्ष बबिता कसौधन के निर्देशन में नगर पंचायत सभागार में सफाई नायकों समेत कर्मियों की एक बैठक बुलाई गई, जिसमें प्रधानमंत्री के चित्र पर तिलक लगाकर हर्षोल्लास के साथ उनका जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी ने देश की दिशा और दशा बदल दी है, उन्होंने कर्मियों को सम्मानित कर समाज को बेहतर संदेश दिया है, कि वे स्वच्छता के सच्चे सिपाही है। हाल ही में नगर पंचायत के वायरल फोटो को लेकर उन्होंने यह भी कहा कि हमारी माता जी विगत 15 वर्षों की चौयरमैन है, उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों हमेशा सम्मान दिया है।भारत माता चौक समेत विभिन्न कार्यक्रमों में पुष्प वर्षा कर उन्हें हमेशा सम्मानित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अचानक अल्प समय की बैठक में कर्मियों का नीचे बैठने का फोटो जो वायरल हुआ वह उनकी स्वेच्छा थी, सायं होने पर सभी कर्मियों ने कहा कि जल्दी से आप अपनी बात कहे, देर हो रही है हमे अपने घर जाना है। जिस पर कम समय मे ही अपने साफ सफाई आदि को लेकर निर्देश दिए और उसकी फोटो हमने ही अपनी सोसालमीडिया एकाउंट से डाली थी। हमारा परिवार बिगत 15 वर्षो से सफाई कर्मियों का सम्मान करता आया है, उनके सम्मान के साथ कभी भी समझौता नही किया जाएगा और इन्ही कर्मचारियों के सहयोग से सामाजिक समरसता का सहभोज कार्यक्रम होता रहा है। ऊंच–नीच, जाति–पाति के भावना से ऊपर उठकर हमेशा नगर पंचायत कार्य करता रहा है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नगर पंचायत के सफाई नायक समेत 80 सफाई कर्मियों 1–1 अदद डबल लेयर का रेनकोट दिया गया, जिससे बरसात के दिनों में सफाई कार्य प्रभावित न हो। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा पकड़ी मण्डल अध्यक्ष लवकुशधर दूबे, व्यवसाई विजय परसरामका, जय प्रकाश उमर, विजय निगम, अशोक दूबे, पवन ओझा, परमानन्द मिश्रा, गोविन्द गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, संजीव पाण्डेय, सोनू निगम उर्फ पहलवान, लाला गौड़ समेत नगर पंचायत के सफाई नायक श्रीनिवास, मनोज, मुकेश कसौधन व कर्मचारी बीडी कसौधन, कमलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

- **अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने बेहतर सेवा के लिए 80 सफाई कर्मियों में बितरण किया रेनकोट**
- **नगर पंचायत कर्मचारियों के सहयोग से होता है सामाजिक समरसता सहभोज कार्यक्रम- सौरभ गुप्ता**

## वैदिक मन्त्ररोच्चार के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सद्धार्थनगर। क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर विश्वकर्मा



पूजा हर्षोल्लास और वैदिक मन्त्ररोच्चार के साथ मनाया गया।लोग एक दिन पहले कल कारखानों को साफ सफाई करके उसे पतंगी, गुब्बारा आदि से खूब सजाए हुए थे। आज सुबह लोग स्नान ध्यान करने के बाद विश्वकर्मा देव की पूजा अर्चना वैदिक मन्त्ररोच्चार के साथ किया। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र के ग्राम पंचायत धौरीकुइयाँ, कृष्णा चौक, कबुलिहा, गनेरा, महदेवा बाजार, सोहास खास, तेनुहवा, जगदीशपुर ग्रांट, ऊँचाहरिया, अमवा, भेलौजी, महुआ घाट, बसहवा आदि स्थानों पर स्थित वेल्डिंग की दुकान, आटा चक्की की दुकान आदि स्थानों पर विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना वैदिक मन्त्ररोच्चार के साथ किया गया। लोग अपने प्रतिष्ठानों को एक दिन पहले साफ सफाई करके उसे फूल, पत्ती, गुब्बारा आदि से सजाया गया। लोग आज सुबह ही थाली में बेलपत्र, फूल, फल, मीठा, धूप दीप, अगरबत्तीआदि लेकर विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना वैदिक मन्त्ररोच्चार के साथ किया। इस अवसर पर राम सोहन गुप्त, इसरावती देवी, अनील गुप्त, सूरज गुप्त, कमलेश यादव, आकाश कुमार, सागर कुमार, रोहित गुप्त, राम चन्द्र जायसवाल, श्यामबदन तिवारी, सर्वजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

## पोषण अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश




भनवापुर/सिद्धार्थनगर। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र सोहना, सिद्धार्थनगर में पोषण अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश ने बताया एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने प्रति दिन की खुराक में 270 ग्राम अनाज, 90 ग्राम दाल, 300 ग्राम दुग्ध एवं उससे बने उत्पाद, हरी सब्जियाँ 350 ग्राम, फल 150 ग्राम, नट्स और बीज 20 ग्राम और घीः बटर और तेल 27 ग्राम को समावेश करना चाहियेद्य कार्यक्रम के मुख्य अथिति कृष्ण मिश्रा भाजपा जिला मंत्री नें अपने सम्बोधन में महिलाओं एवं बच्चों कों उनके खान पान और दिनचर्या पर विस्तृत चर्चा की द्यकेन्द्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया की 15 महा के बच्चों की थाली में दूध, दलिया, शकरकंद, मंसूर की दाल, सूजी का हालावा, पालक खिचड़ी और मौसमी फलोंको देना चाहिये जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छा होसकेंद्य केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. एस एन सिंह ने प्रेग्नेंट महिलाओं को अपनी खुराक में 70 ग्राम प्रोटीन, 55 ग्राम वसा, 0.020 मिलीग्राम विटामिनस, 1050 मिली ग्राम कैल्शियम, 0.22 मिली ग्राम आयोडीन, 40 मिली ग्राम आयरन, 0.4 मिली ग्राम फोलिक एसिड तथा 3 से 4 लीटर प्रति दिन पानी लेने की सलाह दी। केंद्र के बीज वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने बताया की अच्छी खुराक लेने के साथ–साथ स्वस्थ रहने के लिये सफाई पर भी ध्यान देनें की बात कहीं। मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने कहा किसान भाई अपने परिवार के अवश्यक सब्जियाँ, फल सालभर अपने खेतों में या घर पर किचेन गार्डन में उगाकर उपभोग करें जिससे उनपर होनेवाले खर्च से बच जायेगे और समय से और ताजे एवं शुद्ध फल एवं सब्जियाँ वर्ष भर उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्र प्रबंधक अरविन्द प्रताप सिंह, लक्ष्मी कांत उपध्याय एवं लकी सिंह द्वारा 100 सब्जियों के बीज का मिनिकिट उपस्थित प्रतिभागियों में वितरित कराया गया तत्पश्चात मिनीकीट में उपलब्ध बीजों के बारे में जानकारी दी। डॉ. मार्कण्डेय सिंह ने संतुलित आहार में दूध को अवश्य शामिल करें क्योंकि दूध में प्रोटीन, खनिज लवण अच्छी मात्रा में होते हैं जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत आवश्यक हैं। नीलम सिंह नें नवजात बच्चों को स्तनपान के महत्त्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक राजकुमार मिश्र, उर्मिला, चिरयता, मिन्ना, जुखाई, कविता, राधे श्याम, संतोष मिश्रा, जाकून निशा, वशीर, सीता राम, तुलसी तथा रबिर खान आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 72 वें जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर द्वारा कचहरी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती किया गया और उनके लम्बी उम्र व यश वैभव की कामना करते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना किया गया तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को एक नई दिशा मिली है, उनके जीवन को और ओजस्वी बनाने के लिए हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ का आयोज किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान अधिवक्ता कृपाशंकर त्रिपाठी धर्माचार्य प्रमुख, अनिल विश्वकर्मा महामंत्री विधि प्रकोष्ठ, जय प्रकाश महामंत्री, देवेश श्रीवास्तव एडवोकेट जिला मीडिया प्रभारी, जितेंद्र सिंह, कृष्णा मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, सन्तोष मिश्रा, जैनेन्द्र मिश्रा, रमेश कुमार पाण्डेय, संतोष दुबे,जय शंकर प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुमित कुमार श्रीवास्तव, अमन जायसवाल, राजन मोदनवाल, सर्वेश वर्मा, अरुण दूबे, विजय कुमार सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिक लड़के की हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के छितरापार में आकाशीय बिजली गिरने एक 14 वर्षीय लड़का जिसका नाम विकास पुत्र किशोर है और उसकी मौके पर ही मौत हो गई वही जानकारी के मुताबिक विकास और अमित पुत्र राम अवतार जिसकी उम्र 10 वर्ष है, सिवान के तरफ टहलने के लिए गए थे जिससे ये घटना घटित हो गई वही अमित आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गया गया दोनो लड़के दलित परिवार के थे मौके पर थाना अध्यक्ष राजेश तिवारी पहुंचे आगे की कार्यवाही में जुट गए।

**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**
सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# माँ बाणगंगा की आरती के लिए घाट का होगा कायाकल्प

- **आदि माँ बाणगंगा जी तट पर विशाल पक्का घाट व सौंदर्य करण हेतु लखनऊ से आयी सर्वे टीम**
- **बाणगंगा नदी घाट एवं निर्माण स्थल का सर्वे किया गया है, शीघ्र परियोजना बनाकर**
- **अप्रूवल के लिए प्रस्तुत करेंगे अप्रूवल के बाद शीघ्र कार्य कराया जाएगा-आर के नेहरा (अधिशाषी अभियंता)**

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के प्रसिद्ध आदि मां बाणगंगा स्थित बाणगंगा वैराज पर नवनिर्माण विशाल स्नानघाट व सौंदर्यकरण हेतु पंडित धीरेन्द्र वशिष्ठ महराज पीठाध्यक्ष लक्ष्मण पीठ सेवा न्यास व सांसद जगदम्बिका पाल के भागीरथ प्रयास के परिणाम स्वरूप मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आदेश के अनुपालन मे उक्त घाट के निर्माण व सौंदर्य करण के लिए शनिवार को राजधानी लखनऊ से अधिकारियों की एक सर्वेटीम कार्यस्थल सर्वे करने हेतु पर पहुंची, बाणगंगा नदी के घाट पर बनने वाले क्षेत्र का सर्वे करके ले गयी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग नीरज पाण्डेय व डॉ सत्येंद्र नाथ पाण्डेय के साथ पहुँचे अधिशाषी अभियंता आर के नेहरा ने कहा कि बाणगंगा नदी घाट एवं निर्माण स्थल का सर्वे किया गया है, शीघ्र परियोजना बनाकर अप्रूवल के लिए प्रस्तुत करेंगे। अप्रूवल के बाद शीघ्र कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर अवर अभियन्ता अभिजीत सिंह, जेई संजय कुमार सहित श्री लक्ष्मण पीठ सेवा न्यास के जिला प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव, आदि माँ बाणगंगा आरती के गंगा माँ के भक्त श्रीराम चौहान, शिव शक्ति शर्मा, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, राजेन्द्र कांदु, अष्टभुजा वर्मा, राकेश जायसवाल, किशोरी लाल गुप्ता, अर्जुन चौरसिया, सतीश मिश्रा, सुभाष चंद्र चौरसिया, रमेश मणि त्रिपाठी, प्रभाकर बाबा, समेत संजय दूबे, योगेन्द्र जायसवाल, संजय दूबे, सुनील कुमार, सतीश मिश्रा, बाबा बालकदास आदि उपस्थित रहे।

# सुकेश चंद्रशेखर मामला: अभिनेत्री नोरा फतेही से आर्थिक अपराध शाखा ने पांच घंटे पूछताछ की



बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही सेकथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े रंगदारी के मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों ने लगभग पांच घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि यह दूसरी बार है जब दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कथित भूमिका को लेकर फतेही को पूछताछ के लिए तलब किया। पुलिस ने बताया कि फतेही के अलावा पिंकी ईरानी से भी पूछताछ की गई जिन्होंने चंद्रशेखर से अभिनेत्री का कथित तौर पर परिचय कराया था। इस मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और ईरानी से बुधवार को पूछताछ की गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ईरानी और फतेही दोनों मंदिर मार्ग स्थित आर्थिक अपराध शाखा के कार्यालय पर जांच में सहयोग में शामिल हुई। उन्होंने कहा, "फतेही, उनके रिश्तेदार महबूब उर्फ बॉबी और ईरानी से लगभग पांच घंटे पूछताछ की गई। सभी ने पूछताछ में सहयोग किया और उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया गया। ईरानी ने फतेही के रिश्तेदार से भी संपर्क किया था इसलिए तीनों को एक दूसरे के समक्ष लाकर भी पूछताछ की गई।" अधिकारी ने कहा, "हमने पहले फतेही से पूछताछ की थी लेकिन हम जानना चाहते थे कि चंद्रशेखर की पत्नी से असल में किसे उपहार में कार मिली थी। हम उनके रिश्तेदार के बैंक विवरण की भी जांच कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि फतेही और उनके रिश्तेदार को एक प्रश्नावली दी गई थी जिसमें 30 सवाल थे। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने सभी सवालों के जवाब दिए। पूछताछ में पता चला कि चंद्रशेखर की ओर से जनवरी में ईरानी ने फतेही से संपर्क किया था। फतेही ने दावा किया कि वह किसी स्टूडियो के उद्घाटन में चेन्नई में एक कार्यक्रम में शामिल हुई थीं और चंद्रशेखर की पत्नी ने उन्हें फीस की बजाय एक कीमती बैग और एक कार उपहार में दी थी।

अधिकारी ने कहा कि फतेही ने कभी व्यक्तिगत रूप से चंद्रशेखर से मुलाकात नहीं की थी लेकिन व्हाट्सएप पर उनके बीच सीमित बातचीत हुई थी और वह सुकेश की अवैध गतिविधियों के बारे में नहीं जानती थी। अधिकारी ने कहा कि चंद्रशेखर की पत्नी ने फतेही पर चेन्नई के कार्यक्रम में लिए फीस लेने की बजाय उपहार स्वरूप कार लेने का दबाव बनाया था। अधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में चंद्रशेखर ने कथित तौर पर फतेही से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की थी लेकिन अभिनेत्री को शक हो गया और उन्होंने उससे संपर्क करना बंद कर दिया। अधिकारी ने कहा कि इस साल जनवरी में ईरानी ने फतेही के रिश्तेदार से संपर्क किया था और कुछ कानूनी अड़चन के चलते फतेही की बजाय उसे वह कार दी गई थी। अधिकारी ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, "उसे (फतेही के रिश्तेदार) मिली कार को उसने बाद में बेच दिया था।" उन्होंने कहा, "ईरानी ने दावा किया था कि वह एक टीवी शो की प्रस्तोता है और फिल्मोद्योग में उनके अच्छे संपर्क हैं। वह चंद्रशेखर की सहायक है। उसने फतेही के रिश्तेदार से भी बात की और उसे फिल्म दिलाने का प्रलोभन दिया।" पुलिस ने कहा कि ईरानी ने बॉबी को फिल्म दिलाने के लिए उसे प्रभावित करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक, जैकलीन फर्नांडीज से बुधवार को आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई और उन्होंने जांच के दौरान सहयोग किया और उन्हें पूछताछ के लिए फिर से बुलाया जा सकता है। चंद्रशेखर फिलहाल जेल में है। उस पर रसूखदार लोगों सहित कई लोगों के साथ ठगी करने का आरोप है। इनमें फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह भी शामिल हैं। ईडी ने 17 अगस्त को दायर किए आरोप पत्र में चंद्रशेखर से जुड़े कई करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में फर्नांडीजध को आरोपी के तौर पर नामजद किया है। ईडी के मुताबिक, फतेही और फर्नांडीजध ने चंद्रशेखर से महंगी कारें और अन्य तोहफे लिए थे।

## ड्रीम गर्ल 2 के टीजर की वाहवाही के बीच जमकर ट्रोल हो रही है Ananya Panday, जाने पूरा मामला

बॉयकॉट कल्चर की वजह से बर्बाद हो रहे बॉलीवुड को बचाने का जिम्मा अभिनेता आयुष्मान खुराना से उठा लिया है। जी हाँ, अभिनेता बॉलीवुड पर लगी बुरी नजर को उतारने के लिए अगले



साल ईद पर पूजा करने वाले हैं। ईद पर पूजा की बात सुनकर आप जैसा समझ रहे हैं, वैसा बिल्कुल नहीं है। दरअसल, यह एक तरीका था, जिसके जरिये आयुष्मान ने अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की अनाउंसमेंट की है। अनाउंसमेंट के साथ ही फिल्म का टीजर भी रिलीज कर दिया है, जो सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी करने लगा है। फिल्म का टीजर देखकर जहाँ एक तरफ लोगों में खुशी का माहौल हैं, वहीं कई लोग काफी नाराज नजर आ रहे हैं। चलिए आपको बताते हैं पूरा मामला क्या है। शुक्रवार को आयुष्मान खुराना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का टीजर शेयर किया है। टीजर में फिल्म के बारे में जानकारी जानकारी दी गई है। फिल्म में आयुष्मान खुराना पूजा की अपनी भूमिका को फिर से निभाएंगे और अनन्या पांडे उनकी महिला प्रेमी की भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा प्रमुख रोल में अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, मनोज जोशी, राजपाल यादव, सीमा पाहवा, मनजोत सिंह और अभिषेक बनर्जी शामिल होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स को फिल्म का टीजर काफी पसंद आ रहा है, लेकिन इनमें से कई लोगों ने अभिनेत्री अनन्या पांडे के फिल्म में होने पर नाराजगी जताई है। लोग इस बार से कितने नाराज हैं ये बात आप आयुष्मान के कमेंट बॉक्स से लगा सकते हैं। लोग कमेंट सेक्शन में अनन्या का बुरी तरफ से मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, षफिल्म में स्ट्रगल कैसे आ गयाष। एक अन्य ने लिखा, षपुरी कास्टिंग अच्छी करके आखिर में हग दिएष। एक ने लिखा, षअनन्या पांडे के आने तक सब ठीक थाष। एक यूजर ने कमेंट किया, षबस आखिरी में जो दीदी आई ना, उनकी वजह से फिल्म नहीं देखूंगीष। जानकारी के लिए बता दें कि ड्रीमगर्ल 2, 29 जून 2023 की ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






## नवमी पर श्राद्ध का विशेष महत्व



मातृ नवमी आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को कहा जाता है। इस नवमी तिथि का श्राद्ध पक्ष में बहुत ही महत्त्व है। सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार श्राद्ध करने के लिए एक पूरा पखवाड़ा ही निश्चित कर दिया गया है। सभी तिथियां इन सोलह दिनों में आ जाती हैं। कोई भी पूर्वज जिस तिथि को इस लोक को त्यागकर परलोक गया हो, उसी तिथि को इस पक्ष में उनका श्राद्ध किया जाता है, लेकिन स्त्रियों के लिए नवमी तिथि विशेष मानी गई है। मातृ नवमी के दिन पुत्रवधुएं अपनी स्वर्गवासी सास व माता के सम्मान एवं मर्यादा हेतु श्रद्धांजलि देती हैं और धार्मिक कृत्य करती हैं३ विधिः मातृ नवमी के श्राद्ध की विधि इस प्रकार है : नवमी श्राद्ध में पांच ब्राह्मणों और एक ब्राह्मणी को भोजन करवाने का विधान है। सर्वप्रथम नित्यकर्म से निवृत्त होकर घर की दक्षिण दिशा में हरा वस्त्र बिछाएं। पितृगण के चित्र अथवा प्रतीक हरे वस्त्र पर स्थापित करें। पितृगण के निमित्त तिल के तेल का दीपक जलाएं, सुगंधित धूप करें, जल में मिश्री और तिल मिलाकर तर्पण करें। अपने पितरों के समक्ष गोरोचन और तुलसी पत्र समर्पित करना चाहिए। श्राद्धकर्ता को कुशासन पर बैठकर भगवद् गीता के नवें अध्याय का पाठ करना चाहिए। इसके उपरांत ब्राह्मणों को लौकी की खीर, पालक, मूंगदाल, पूड़ी, हरे फल, लौंग–इलायची तथा मिश्री अर्पित करें। भोजन के बाद सभी को यथाशक्ति वस्त्र, ध ान–दक्षिणा देकर उनको विदा करने से पूर्व आशीर्वाद ग्रहण करना चाहिए। नवमी श्राद्ध का महत्त्वः आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि पर पितृगणों की प्रसन्नता हेतु नवमी का श्राद्ध किया जाता है। यह तिथि माता और परिवार की विवाहित महिलाओं के श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है। यह तिथि मातृ नवमी भी कहलाती है। कुछ स्थानों पर इसे डोकरा नवमी भी कहा जाता है। नवमी तिथि का श्राद्ध मूल रूप से माता के निमित्त किया जाता है। इस श्राद्ध के दिन का एक और नियम भी है। इस दिन पुत्रवधुएं भी व्रत रखती हैं। यदि उनकी सास अथवा माता जीवित नहीं हो तो। इस श्राद्ध को सौभाग्यवती श्राद्ध भी कहा जाता है। शास्त्रानुसार नवमी का श्राद्ध करने पर श्राद्धकर्ता को धन, संपत्ति व ऐश्वर्य प्राप्त होता है तथा सौभाग्य सदा बना रहता है। नियमों को भूल गए लोगः श्राद्ध के दौरान कुछ नियमों का पालन जरूरी है। जैसे इन दिनों मांसाहार नहीं करना चाहिए। लेकिन आजकल लोग इन नियमों की अनदेखी करते हैं। वे मांसाहार से भी नहीं चूकते। कई लोग शराब का सेवन भी करते हैं। इन दिनों में स्त्रीगमन की भी मनाही है, लेकिन आधुनिक युग की अंधी दौड़ में लोग सब कुछ भूल गए हैं। सबसे बुरी बात तो यह है कि लोग मांसाहार पर भी अंकुश नहीं लगाते।

## खून की कमी दूर करने के उपाय




कभी आपने ध्यान नहीं दिया होगा कि खून की कमी होने से हमें कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। खून की कमी होने पर जब शरीर में हिमोग्लोबिन की मात्रा कम होती है, तो आपको थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। साथ ही आपको ऑक्सीजन की कमी का भी एहसास होने लगता है और खून की कमी ज्यादा हो जाए, तो इससे गठिया, कैंसर और किडनी से संबंधित बीमारियां होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए खून की कमी को एक गंभीर बीमारी की तरह ही समझें। अब सवाल है कि खून की कमी को पूरा कैसे किया जाए, तो इसके लिए आप घर में कुछ खाद्य पदार्थों के सेवन से भी इसे पूरा कर सकते है. चुकंदर– चुकंदर हिमोग्लोबिन को बढ़ाने का सबसे बढिया स्रोत है। इसको खाने से जल्दी ही खून की कमी पूरी हो जाती है। क्या आपको पता है चुकंदर से भी ज्यादा उसकी पत्तियां फायदेमंद होती हैं। चुकंदर को आप सलाद के रूप में भी खा सकते हैं और अगर आप इसका जूस पीना चाहें, तो आप उसे भी पी सकते है। लेकिन जूस से भी ज्यादा चबा कर खाने से कोई भी चीज ज्यादा फायदेमंद होती है। अनार– इसी तरह अनार भी आयरन का काफी फायदेमंद स्रोत है। अनार में आयरन के अलावा मैगनीशियम, कैल्शियम, विटामिन सी की भी भरपूर मात्रा होती है। एनीमिया और पीलिया रोग के उपचार के लिए 250 मिली. अनार के रस में, 750 ग्राम चीनी मिलाकर चाशनी बना लें। इसे दिन में 3–4 बार सेवन करें। इससे एनीमिया और पीलिया में फायदा होता है। सेब– सेब एनीमिया जैसी बीमारी में काफी लाभदायक होता है, क्योंकि सेब में आयरन बहुत अच्छी मात्रा में पाया जाता है। अगर आप दिन में 2 से 3 सेब खाते हैं, तो यह पूरे दिन की आयरन की कमी को पूरा करता है। केला– स्टार्च के स्रोत जैसे केले में भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है। इस वजह से हिमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आहार में इसे शामिल किया जाना चाहिए। पालक–पालक का साग प्रचुर मात्र में लौह का भंडार है, जो शरीर में लौह तत्त्व की कमी पूरी करता है तथा एनीमिया जैसे रोगों में लाभकारी है। पालक को आप कई तरह से अपनी डाइट में शामिल कर सकते है। जैसे पालक का सूप, पालक के परांठे, पालक की सब्जी आदि को आप रोजमर्रा में बना कर खा सकते हैं। डार्क चॉकलेट– डार्क चॉकलेट को कोको से बनाया जाता है और कोको को कई तरह की समस्याओं जैसे थकान, अपच व डिप्रेशन आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है। डार्क चॉकलेट में लगभग 80 प्रतिशत कोको होता है, जो आयरन से समृद्ध होता है। शहद– शहद में कई तरह के गुण होते हैं, शहद कई बीमारियों में दवा का काम करता है। एनीमिया के रोगियों के लिए भी यह बहुत लाभदायक होता है। इसके सेवन से खून की कमी दूर होती है। सूखी किशमिश– ब्लड बनने के लिए जरूरी विटामिन बी कांप्लेक्स की कमी को किशमिश पूरा करती है। आयरन से भरपूर सूखी काली किशमिश का सेवन करके आप अपना हिमोग्लोबिन बढ़ा सकते हैं। अंजीर– अंजीर में विटामिन ए, बी1, बी2, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, मैगनीज, सोडियम, पोटाशियम और क्लोरीन पाया जाता है। दो अंजीर रात को पानी में भिगोकर, सुबह उसका पानी पीने और अंजीर खाने से हिमोग्लोबिन लेवल बढ़ाया जा सकता है। फली वाले अनाज– संतुलित आहार में साबुत अनाज शामिल करने चाहिए। खान–पान में लेगम्स (फली वाले अनाज) शामिल किए जाने चाहिए, क्योंकि ये हिमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाते हैं। इनमें सोयाबीन, सफेद राजमा और चने आदि शामिल हैं। हर्ब्स– एनीमिया से ग्रसित लोगों को कुछ प्रकार की हर्ब्स और उनसे बने पेय पदार्थ लेना फायदेमंद होता है। इन हर्ब्स में एनीस, पुदीना, जीरा, लोकोरिस से बने पेय पदार्थ शामिल हैं। ये सभी आयरन से भरपूर होते हैं और हिमोग्लोबिन को बढ़ाते हैं।

# रश्मिका मंदाना की संस्कृति और संस्कार छू लेंगे आपका दिल



साउथ इंडियन एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना नेशनल क्रेश तो हैं ही साथ ही उन्होंने अपनी खूबसूरती के साथ–साथ अपने व्यवहार से भी लोगों का दिल जीतना शुरू कर दिया हैं। रश्मिका मंदाना, अमिताभ बच्चन और नीना गुप्ता के साथ फिल्म गुड बाय से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म गुड बाय 7 अक्टूबर 2022 को बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की कास्ट इस समय गुड बाय के प्रमोशन में लगी है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म का प्रमोशन करने कि लिए दिल्ली पहुंची। इस दौरान जिस तरह का उनका व्यवहार रहा उसने लोगों का दिल जीत लिया।

फिल्म के प्रमोशन के लिए जब रश्मिका मंदाना स्टेज पर चढ़ी तो उन्होंने स्टेज का सम्मान करते हुए स्टेज को नमन किया। रश्मिका ने इसके साथ ही सभी मीडिया कर्मी और प्रमोशन के दौरान जो लोग भी मौजूथ थे उनका हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। रश्मिका की ये सादगी लोगों को खूब पसंद आया। सोशल मीडिया पर स्टेज को नमन करते हुए रश्मिका का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा हैं। इस वीडियो पर यूजर्स अपना प्यार रश्मिका के लिए कमेंट बॉक्स में भेज रहे हैं। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक प्रशंसक ने कहा, क्या महान संस्कृति और संस्कार है... वह आगे बढ़ने से पहले मंच को नमन कर रही थीं। दूसरे यूजर ने लिखा था, यह उनका शिष्टाचार। एक यूजर ने कमेंट भी किया, ष्वाह वो बहुत खूबसूरत है। इवेंट के लिए रश्मिका ने ब्लैक एंड व्हाइट क्रॉप टॉप पहना था, ब्लू डेनिम जैकेट के नीचे, पिंक पैंट के साथ पेयर किया था। रश्मिका अपनी आने वाली फिल्म गुड बाय के प्रचार के लिए राष्ट्रीय राजध ानी में थीं। शुक्रवार को गुडबाय का दूसरा ट्रैक द हिक सॉन्ग रिलीज किया गया।